
yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें
नये जमाने के साथ..
# यश भारत
वर्ष- 17 अंक 181 • कटनी • बुधवार, 2 अगस्त, 2023 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • अधिक श्रावण कृष्ण पक्ष प्रतिपदा • विक्रम संवत् 2080 शके 1935


"मंजिलों की तलाश तो सबको है, लेकिन मुश्किलों का सामना करना कोई नहीं चाहता। सकारात्मक कर्म करते रहिए..."



तन्हा मर्दों के दिलों... पेज 7

## आज का मौसम

आज सुबह का तापमान



23.0 डिसे
दोपहर 12 बजे तक
28 डिसे
भारी बारिश के आसार

## » न्यूज गैलरी

### अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में 5 की तीव्रता से आया भूकंप

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने बताया कि बुधवार को निकोबार द्वीप समूह में रिक्टर पैमाने पर 5.0 तीव्रता का भूकंप आया. भूकंप सुबह करीब 5:40 बजे आया और इसकी गहराई 10 किमी दर्ज की गई. अभी तक किसी तरह के नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है. अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है. बीते शनिवार को भी अंडमान निकोबार द्वीप समूह में देर रात जोरदार भूकंप आया था. जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के मुताबिक भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.8 नापी गई है. जीएफजेड ने कहा कि भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई पर था. अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में रात करीब 12 बजकर 53 मिनट पर 5.8 की तीव्रता के साथ जोरदार भूकंप आया था. भूकंप के झटके पोर्ट ब्लेयर के दक्षिण-पूर्व में 126 किलोमीटर की दूरी पर महसूस किए गए. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक ये भूकंप 69 किलोमीटर की गहराई पर आया था

### पाक में महंगाई से हाहाकार, पेट्रोल-डीजल के दाम 270 रुपये के पार

इस्लामाबाद • ईएमएस
yashbharat.co.in

पाकिस्तान की जनता का हाल बढ़ती महंगाई से बेहाल होता जा रहा है. पूरा मुल्क महंगाई से जूझ रहा है. ऐसे में आवाम को शहबाज सरकार ने एक और बड़ा झटका दिया है. अब पाकिस्तान ने मंगलवार को डीजल और पट्रोल के दामों में 19 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की है. जिससे यहां पेट्रोल की कीमत 272.95 और डीजल की कीमत 273.40 रुपये प्रति लीटर हो गई है. इस मूल्य वृद्धि को पाकिस्तान के फाइनेंस मिनिस्टर इशाक डार ने च्राष्ट्रीय हितज्ञ बताया है. पाकिस्तानी मीडिया जियो न्यूज के मुताबिक, वित्त मंत्री इशाक डार ने मंगलवार को पेट्रोल और डीजल की कीमत में 19 रुपये प्रति लीटर की भारी बढ़ोतरी की घोषणा की. उन्होंने कहा कि यह फैसला अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की मांगों के अनुरूप किया गया. संशोधित कीमतें तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं।

### हिमाचल में बड़ा लैंडस्लाइड, 30 मीटर धंसा कालका-शिमला हाईवे बंद


सोलन • ईएमएस
yashbharat.co.in

हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में कालका-शिमला हाईवे पर बड़ा लैंस्डस्लाइड हुआ है. यहां पर 30 मीटर के करीब नेशनल हाईवे पूरी तरह से धंस गया है. फिलहाल, प्रशासन की मशीनरी सड़क बहाली में लगी है। सोलन पुलिस ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी और कहा कि चंडीगढ़-कालका-शिमला हाईवे परवाणु के पास चक्की मोड़ पर भूस्खलन के कारण बंद हो गया है. कृपया वैकल्पिक ट्रैफिक प्लान का पालन करें. हाईवे से मलबा हटाने का काम जारी है, जो हाईवे खुलने पर सूचित कर दिया जाएगा. प्रशासन की तरफ से दो जेसीबी लगाई गई हैं।

### आर्ट डायरेक्टर नितिन देसाई ने अपने स्टूडियो में फांसी लगाई

मुंबई • एजेंसी
yashbharat.co.in

जानेमाने आर्ट डायरेक्टर नितिन देसाई ने मंगलवार देर रात खुदकुशी कर ली। उनके मैनेजर ने बताया कि मुंबई के नजदीक करजत में अपने एनडी स्टूडियो



में रात में 3.30 बजे फांसी लगाई। उनकी उम्र 58 साल थी। वे अपना ज्यादातर वक्त इसी स्टूडियो में बिताते थे।नितिन ने हम दिल दे चुके सनम, लगान, देवदास, जोधा अकबर और प्रेम रतन धन पायो जैसी फिल्मों के सेट डिजाइन किए थे। उन्हें चार बार बेस्ट आर्ट डायरेक्शन का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला। आखिरी बार उन्होंने पानीपत फिल्म के लिए काम किया था।महाराष्ट्र के विधायक महेश बाल्दी ने बताया कि वह आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। उन्होंने कहा कि उनकी आत्महत्या की वजह ये हो सकती है।

# राजस्थान तक फैली हिंसा की आग नूंह में देखते ही गोली मारने के आदेश

गुरुग्राम/चंडीगढ़ • ईएमएस
yashbharat.co.in

हरियाणा के नूंह में विश्व हिंदू परिषद की शोभायात्रा पर सोमवार को हमले के बाद भड़की सांप्रदायिक हिंसा में मरने वालों की संख्या पांच हो गई है। शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए नूंह में कर्फ्यू जारी है और दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए गए हैं। हिंसा में 10 पुलिसकर्मियों समेत 60 से अधिक लोग घायल हुए हैं। नूंह के अलावा सोहना, गुरुग्राम, पलवल समेत अन्य जगहों पर भड़की हिंसा और दंगा मामले में कुल 44 एफआईआर दर्ज की गई है। 70 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। आसपास के शहरों में धारा 144 लागू है और शिक्षण संस्थान बंद कर दिए गए हैं। मस्जिद से फायरिंग की सूचना मिलने के बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने 7 युवकों को हिरासत में लिया है, जिनके पास से बोतल से बनाए गए तीन पेट्रोल बम भी बरामद हुआ है.हिंसा के मामले में अब तक 80 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है. वहीं सरकार ने बताया कि अब तक 44 एफआईआर दर्ज किए गए हैं. हरियाणा के नूंह में शोभायात्रा पर पथराव के बाद फैली हिंसा राजस्थान तक पहुंच गई है। राजस्थान में अलवर बायपास पर कुछ दुकानों पर तोड़फोड़ कर दी गई। इसके बाद यहां भी धारा 144 लागू कर दी गई है। नूंह और आसपास के जिलों में शांति है, लेकिन लोगों में डर बना हुआ है। गुरुग्राम में पुलिस ने अफवाहों का खंडन किया है और कहा है कि आज सभी दरफ्त खुले हैं। वहीं हरियाणा पुलिस ने नूंह हिंसा में जान गंवाने वाले दो होमगार्ड के परिवारों को 57-57 लाख रुपये का मुआवजा देने का ऐलान किया है. हरियाणा हिंसा में अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है. नूंह हिंसा की जद में आए गुरुग्राम में अब खुले में पेट्रोल-डीजल नहीं देने का फैसला किया गया है. उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने आदेश जारी किए हैं. टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक नूंह में सोमवार दोपहर को एक मंदिर की ओर जा रहे धार्मिक जुलूस पर हमले के साथ शुरू हुई सांप्रदायिक झड़पों ने गुड़गांव में आधी रात को एक हथियारबंद भीड़ ने एक मस्जिद पर धावा बोल दिया और अंदर सो रहे 23 वर्षीय एक व्यक्ति को चाकू मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया. हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने नूंह के साथ अन्य स्थानों पर फैली हिंसा के पीछे बड़ी साजिश का संदेह जताया। वहीं, डीजीपी पीके अग्रवाल और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून और व्यवस्था) ममता सिंह खुद हालात पर नजर बनाए हुए हैं। हालात को देखते हुए नूंह के अलावा फरीदाबाद में बुधवार तक मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की एक व दो अगस्त की 10वीं की परीक्षाएं (अंक सुधार, कंपार्टमेंट) रद्द की गई हैं। इस बीच, नूंह में हुई हिंसा में घायल दो और लोगों की मंगलवार को मौत हो गई। पुलिस ने चार मौतों की पुष्टि की है। इनमें होमगार्ड के जवान गुरसेवक व नीरज, पानीपत के बजरंग दल कार्यकर्ता अभिषेक और नगीना के शक्ति हैं। वहीं, एक की मौत गुरुग्राम में हुई। पुलिस के अनुसार, सोमवार देर रात सेक्टर-57 में भीड़ ने एक धर्मस्थल पर हमला कर दिया। हमले में घायल इमाम बिहार निवासी साद की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## हरियाणा हिंसा के पीछे साजिश की आशंका



### आठ जिलों तक फैली आग

नूंह की आग 8 जिलों तक फैल गई है। मेवात व आसपास के जिलों रेवाड़ी, फरीदाबाद, गुरुग्राम, पलवल और महेंद्रगढ़ में पहले से ही तनाव था। हिंसा में पानीपत के अभिषेक की मौत के बाद वहां भी तनाव फैल गया। इसे देखते हुए पानीपत के साथ सोनीपत समेत सभी 8 जिलों में धारा 144 लगा दी गई है।

### यूपी और राजस्थान में भी अलर्ट

हिंसा को चलते राजस्थान के भरतपुर में चौकसी बढ़ा दी गई है। कुछ क्षेत्रों में इंटरनेट सेवा बंद है। भिवाड़ी शहर में हाईवे किनारे 2-3 दुकानों में तोड़फोड़ की गई है। हरियाणा सीमा से लगते यूपी के मेरठ, अलीगढ़, मुजफ्फरनगर व मथुरा में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

### महिला ने सुनाई आपबीती

घरेलू कर्मचारी के रूप में काम करने वाली एक महिला ने बताया कि जब वह अपने मालिक के घर पर बर्तन धो रही थी तो उसे अपनी चार साल की बेटी का फोन आया। मेरी बेटी ने मुझसे घर आने की विनती करते हुए कहा कि कुछ लोगों ने झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों से शाम 4 बजे तक चले जाने को कहा है, नहीं तो वे हमारे घरों और हमें आग लगा देंगे। मैं घर पहुंची, अपने बच्चों को इकट्ठा किया और परिवार के अन्य सदस्यों को सूचित किया। जब वह मदद मांगने के लिए अपने मालिक के घर लौटी, तो सोसायटी आरडब्ल्यूए ने उन्हें परिसर में खाली निर्माणाधीन फ्लैटों में से एक में आश्रय की पेशकश की और पुलिस और जिला प्रशासन को सूचित किया।

### यहां से भागो नहीं तो आग लगा देंगे... उपद्रवियों ने धमकाया,

हिंसा की आंच गुरुग्राम में भी फैल गई। उपद्रवियों ने प्रवासी परिवारों को एक झुग्गी बस्ती से निकालना शुरू कर दिया। प्रवासी परिवारों ने आरोप लगाया कि सुबह करीब 11 बजे उनकी बस्ती में कुछ उपद्रवी आए और सामान पैक कर शाम 4 बजे तक झुग्गियां खाली करने को कहा। ऐसा नहीं करने पर उनके घरों को आग लगाने की धमकी भी दी गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जल्द ही पुलिस की एक टीम वहां पहुंची और उन्हें सुरक्षा का आश्वासन दिया। हालांकि, तब तक दहशत फैल चुकी थी। इन झुग्गियों में लगभग 1,000 परिवार रहते हैं, जिनमें से 700 मुस्लिम हैं।तीन साल की उम्र के बच्चों को अपने माता-पिता के साथ बैग लेकर क्षेत्र से बाहर निकलते देखा गया। वहां से जा रहे सलमान अली (28) को भी घुटनों और सिर पर चोटें आईं। सलमान ने कहा कि हमें नहीं पता था कि क्या करना है।

## जबलपुर आ रही बस सोनकच्छ के पास पलटी

### सड़क किनारे खड़े पिता-पुत्र आ गए चपेट में

देवास • यशभारत
yashbharat.co.in

बुधवार सुबह इंदौर से जबलपुर जा रही बस पुष्पगिरि, सोनकच्छ के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस में बैठी सवारियों को चोट आई। खेड़ी फाटे पर दो लोग बस का इंतजार कर रहे थे, जो बस की चपेट में आ गए। सांवेर निवासी राधेश्याम और उनके बेटे पर बस पलट गई। आसपास के ग्रामीणों वह पुलिस ने बस के अंदर की सवारियों



को बाहर निकाला। राधेश्याम को देवास रेफर किया गया। राधेश्याम का बेटा अर्पण शर्मा बस के नीचे ही फसा हुआ है। बस में भी कुछ लोगो को चोट आई है। बस हंस ट्रेवल्स की है और घटना के बाद से इसका ड्राइवर फरार है।

## मनाली में ब्यास नदी में गिरी बस 3 शव मिले, 9 लोग लापता

### मां, बेटी और दादा की मौत

मनाली • ईएमएस
yashbharat.co.in

हिमाचल प्रदेश के मनाली में 8-9 जुलाई को हुई भारी बारिश और ब्यास नदी में बाढ़ में बही पंजाब रोडवेज की बस से अब तीन शव बरामद हुए हैं. हालांकि, बस को अब भी ब्यास नदी से नहीं निकाला जा सका है. मनाली प्रशासन -पुलिस ने चार घंटे रेस्क्यू अभियान चलाकर शवों को बस से निकालने में सफलता पाई है. ये तीन शव एक ही परिवार के मां, बेटी और दादा के हैं. शवों की शिनाख्त अब्दुल (62), उसकी बहू प्रवीण (32) और पोती (5) अलवीर के रूप में हुई है.रिश्तेदार मीरा ने बताया कि अब्दुल मजीद का बेटा बहार (40), नाजमा (35), इश्तिहार (21), उमेरा बीबी (20), करीना (18), वारिस (12), मौसम (6) और एक रिश्तेदार एजाज अहमद मुसाफिरखाना, जो कि यूपी के अमेठी के कादिम अलीगांव के रहने वाले हैं, फिलहाल, लापता हैं.हिमाचल प्रदेश में 8 से 11 जुलाई तक भारी बारिश हुई थी. इस दौरान मनाली से लेकर ब्यास नदी में बाढ़ आ गई और जमकर तबाही हुई. इस दौरान मनाली के आलू ग्राउंड के पास पंजाब रोडवेज की बस बाढ़ में बह गई थी।

## कुएं में मिले लापता प्रेमी युगल के शव

### दुपट्टे से आपस में बंधे थे हाथ

सागर • यशभारत
yashbharat.co.in

जैसीनगर थाना क्षेत्र के रीछई में मंगलवार दोपहर कुएं में लापता प्रेमी युगल का शव मिला है। लड़के-लड़की के एक-एक हाथ दुपट्टे से बंधे हुए थे। दोनों एक ही गांव के थे। शनिवार से लापता थे। पुलिस ने शव को बरामद करके मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रीछई गांव निवासी संजू यादव 22 वर्ष के खिलाफ 17 साल की नाबालिग लड़की के परिजनों ने बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की शिकायत शनिवार को दर्ज कराई थी। पुलिस ने संजू यादव पर धारा 363 के तहत मामला कायम कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी। मंगलवार दोपहर ग्रामीणों ने रीछई गांव के बाहर कुएं में दो शवों को देखा। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पानी से बाहर निकाला।

## युवक की सिर कटी लाश मिलने से फैली सनसनी

छिंदवाड़ा • ईएमएस
yashbharat.co.in

### शरीर पर कई जगह मिले धारदार हथियार के निशान

जिले के सांवरी के भंवारी और दीप सग्गम के बीच स्थित जंगल में एक युवक का शव मिला है। लाश किसकी है और कहां से आई है, इसका पता नहीं चल पाया है। दरअसल पुलिस को जंगल में सिर्फ धड़ मिला है, जबकि सिर का पता नहीं चल पाया है। सिर कटी लाश मिलने के बाद यहां सनसनी फैल गई, सूचना के बाद पुलिस ने धड़ को कब्जे में लेकर जांच



शुरू कर दी है।बताया जा रहा है कि मामला हत्या का है। युवक के शरीर में कई धारदार हथियार के निशान हैं, लेकिन सिर नहीं होने की वजह से शिनाख्त नहीं हो पाई है। जानकारी में सांवरी पुलिस ने बताया कि रविवार की सुबह ग्रामीणों ने कोटवार को जानकारी दी थी कि यहां भंवारी से दीप सग्गम के बीच एक युवक का शव पड़ा है। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर करीब 30 से 35 साल के युवक का शव बरामद किया है, जिसके शरीर पर कई घाव के निशान हैं, जो धारदार हथियार के बताए जा रहे हैं।वहीं सिर नहीं मिल पाया है।

## करंट से किसान की मौत पर 24 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश

भोपाल • यशभारत
yashbharat.co.in

खेत में फसल कटाई के दौरान चल रहे हार्वेस्टर पर बैठे किसान की करंट लगने से मौत हो गई थी। इस मामले में जिला न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने मृत किसान के स्वजन को 24 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश पारित किया है। किसान के परिवार की और से पैरवी करने वाले एडवोकेट रणधीर सिंह ठाकुर ने बताया कि बैरसिया तहसील के ग्राम कोल्हूखेड़ी निवासी जालम सिंह किसानी करते थे। 15 मार्च 2021 को वह फसल कटवा रहे थे। वह हार्वेस्टर में जमा हुए गेहूं देखने के लिए ऊपर चढ़े थे, तभी चालक ने हार्वेस्टर को आगे बढ़ा दिया था। इससे जालमसिंह को खेत से होकर गुजर रही बिजली की लाइन से करंट लग गया था।

## अंजू के सिर से उतरा नसरुल्लाह के प्यार का बुखार! भारत लौटने को बेकरार...

### पाकिस्तानी कह रहे- RAW की एजेंट

इस्लामाबाद • ईएमएस
yashbharat.co.in

अपने फेसबुक वाले प्यार के लिए सरहद पार कर पाकिस्तान गई अंजू की जिंदगी अब मुश्किल होती जा रही है। तस्वीरें और खबरें दावा कर रही हैं कि अंजू अब फातिमा बन चुकी है और नसरुल्लाह से उसका निकाह हो चुका है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, अंजू और नसरुल्लाह ने कुछ दिनों पहले इसकी पुष्टि की थी और कहा था कि दो-चार दिनों में अंजू भारत लौट जाएगी। जिस अंजू को भारत में अपनी सुरक्षा के लिए खतरा महसूस हो रहा था, जो अंजू अपने ही मुल्क में अपनी सुरक्षा की गारंटी मांग रही थी वह अब भारत लौटने को तैयार क्यों है? पाकिस्तान में चल रहीं खबरों से इसके कुछ कारण पता चलते हैं। अंजू एक महीने का वीजा



लेकर पाकिस्तान गई थीं। आगामी 20 अगस्त को उनका वीजा खत्म हो जाएगा जिसके बाद वह कानूनी तौर पर पाकिस्तान में नहीं रह पाएंगी। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक नसरुल्लाह अंजू की वीजा अवधि बढ़वाने के लिए दौड़-भाग कर रहे हैं। नसरुल्लाह का कहना है कि मीडिया और व्लॉगर्स ने हमारी निजी जिंदगी को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। उन्होंने कहा है कि जल्द एक अहम प्रेस कान्फ्रेंस कर वह सभी के सवालों का जवाब देंगे। पाकिस्तान के आम लोगों से बात करने वाले यूट्यूब चैनलों में लोग अंजू का नाम भारत की लड़कियों को टारगेट कर रहे हैं।

## अनुच्छेद 370 हटाने के खिलाफ आज से सुको में सुनवाई, दो याचिकाकर्ताओं ने वापस ली याचिका

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

केंद्र सरकार द्वारा धारा 370 के विशेष दर्जे को निरस्त करने के खिलाफ लगाई गाई याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगी। पांच अगस्त 2019 को केंद्र सरकार ने कश्मीर से धारा 370 हटाया था। सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय बेंच धारा 370 के खिलाफ दायर याचिकाओं पर बुधवार से रोजाना सुनवाई करेगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ पांच सदस्यीय बेंच की अध्यक्षता करेंगे। बेंच में मुख्य न्यायाधीश के अलावा न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआई गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत शामिल होंगे।

## विश्व कप में भारत के खिलाफ 14 अक्टूबर को खेलने के लिए तैयार हुआ पाकिस्तान

कराची • ईएमएस
yashbharat.co.in

विश्व कप के सबसे अहम मुकाबलों में से एक भारत-पाकिस्तान का मैच 14 अक्तूबर को अहमदाबाद होना तय हो गया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इसे लेकर आईसीसी और बीसीसीआई से सहमति जता दी है। गौरतलब है कि पहले दोनों टीमों के बीच यह मैच 15 अक्तूबर को होना था। हालांकि, नवरात्रि का पहला दिन होने की वजह से मैच की तारीख एक दिन पहले कर दी गई थी।दूसरी तरफ पाकिस्तान के एक और मैच की तारीख में बदलाव किया गया है। पाकिस्तानी टीम हैदराबाद में 12 अक्तूबर की जगह 10 अक्तूबर को श्रीलंका के खिलाफ उतरेगी। बताया गया है कि यह फैसला टीम इंडिया के खिलाफ होने वाले मैच से पहले तीन दिन का अंतराल सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। भारत और पाकिस्तान के बीच मैच की तारीखों को नवरात्रि की वजह से बदलना तय किया गया। दरअसल, सुरक्षा एजेंसियों ने त्योहार के मौके पर बीसीसीआई





से तारीख में बदलाव के लिए कहा था। एजेंसियों का तर्क था कि नवरात्रि के पहले दिन की वजह से सुरक्षा टीमें व्यस्त रहेंगी और ऐसे में मैच के लिए सुरक्षा व्यवस्था बनाए रख पाना मुश्किल होगा। इसके बाद आईसीसी और बीसीसीआई ने पीसीबी से पाकिस्तान टीम के दो ग्रुप मैचों की तारीख में बदलाव को लेकर बात की थी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) जल्द ही इसे लेकर अपडेटेड शेड्यूल जारी कर सकता है। कुछ और टीमों के मैचों की तारीखों में बदलाव किया जा सकता है।

बैठक | शासकीय कार्यक्रमों और योजनाओं में जन अभियान परिषद की पूरी भागीदारी हो: मुख्यमंत्री

## हरियाली तीज पर 19 अगस्त को होगा वृहद पौधारोपण





भोपाल • यशभारत
yashbharat.co.in

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अंकुर अभियान में लोगों को निरंतर जोड़ा जाए। हरियाली तीज के अवसर पर 19 अगस्त को वृक्षारोपण का वृहद कार्यक्रम निर्धारित किया जाए। शासकीय कार्यक्रमों और योजनाओं के क्रियान्वयन में जन अभियान परिषद, प्रस्फुटन समितियों और नवांकुर संस्थाओं की पूरी भागीदारी सुनिश्चित होना चाहिए। परिषद के रिक्त पदों की भर्ती के लिए केबिनेट में प्रस्ताव रखा जाएगा। ब्लॉक कोर्डिनेटर के पद शीघ्र भरे जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज निवास स्थित समत्व भवन में जन अभियान परिषद की शासी निकाय की 13 वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, जन अभियान परिषद के पदाधिकारी तथा संबंधित अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में 24 हजार प्रस्फुटन समितियां हैं, जिनसे ढाई लाख लोग सीधे जुड़े हुए हैं। रोड मैप बनाकर इन प्रस्फुटन समितियों से शासकीय कार्यों में योगदान लिया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि परिषद के कर्मचारियों की वेतन विसंगतियां दूर करने की कार्यवाही की जाए।

### शासकीय अभियानों में जन अभियान परिषद का सहयोग जारी

बैठक में बताया गया कि शासकीय अभियानों में जन अभियान परिषद लगातार सहयोग कर रही है। परिषद द्वारा विशेष रूप से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, अंकुर अभियान, एकात्म यात्रा, सिकल सेल जन जागरूकता और पेसा जन जागरूकता में उल्लेखनीय योगदान दिया गया है। इसके अतिरिक्त ऊर्जा साक्षरता अभियान, एमपी डिजिटल युवा अभियान, नवभारत साक्षरता कार्यक्रम, नशा मुक्ति अभियान, मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान, यूथ महापंचायत, वोटर आईडी से आधार कार्ड जो?ने का कार्य और हर घर तिरंगा अभियान में भी परिषद ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### नवांकुर संस्थाओं की शासकीय कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका हो

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हर विकास खंड में नवांकुर संस्थाओं की शासकीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नवांकुर संस्थाओं द्वारा प्रदेश में सतत विकास लक्ष्य 2030 की प्राप्ति के लिए प्रस्फुटन समितियों को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान कर शासन का सहयोग लगातार किया जा रहा है। प्रत्येक विकास खंड में नवांकुर संस्थाओं का चयन और क्षमता वर्धन किया जा रहा है। प्रदेश में कुल एक हजार 565 नवांकुर संस्थाएँ कार्य कर रही हैं।

## रक्षाबंधन पर मुस्लिम महिलाओं के बीच पहुंचें पीएम मोदी ने NDA सांसदों को दिया गुरु मंत्र

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा एक्टिव मोड में आ गई है. इसी कड़ी में पीएम मोदी ने सोमवर को दूसरे ग्रुप की (एनडीए क्लस्टर 2) बैठक की. इस दौरान उन्होंने तीन तलाक के फैसले पर चर्चा किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि तीन तलाक पर प्रतिबंध लगाने के उनकी सरकार के फैसले से मुस्लिम महिलाओं में सुरक्षा की भावना बढ़ी है. सूत्रों ने कहा कि पीएम मोदी ने सोमवार रात पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के राजग के सांसदों की बैठक में यह बात कही. उन्होंने और भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने समाज के विभिन्न वर्गों के लिए केंद्र सरकार की विभिन्न विकास पहलों को रेखांकित किया. बैठक में मौजूद सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी ने समाज के हर वर्ग से जुड़ने की जरूरत पर जोर दिया और उसके बाद मुस्लिम समाज में एक बार में तीन तलाक की प्रथा पर प्रतिबंध लगाने के अपनी सरकार के फैसले का उल्लेख किया. सांसदों ने ये भी कहा कि प्रधानमंत्री ने उनसे अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं तक पहुंचने के लिए रक्षाबंधन के दौरान कार्यक्रम आयोजित करने को कहा. बता दें कि पीएम मोदी 31 जुलाई से भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सांसदों के साथ 10 अगस्त तक बैठक करेंगे. इन बैठकों में 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया जाएगा। भाजपा नेताओं ने पीएम मोदी के साथ बैठक के लिए एनडीए सांसदों के 10 समूह बनाए हैं. सोमवार को हुई बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि हमने एनडीए स्वार्थ का नहीं बल्कि त्याग की भावना से बनाया।

# सावन की पहली झड़ी, शहर में पानी का जलजला

## ट्रफ लाइन लेकर आई मानसून सीजन की सबसे ज्यादा बारिश निचले इलाके पानी पानी

**कटनी, यशभारत। बारिश होते ही शहर में पानी का जलजला दिखा। जल प्लावन की स्थिति तेज बारिश के कारण नहीं बनी, बल्कि नगर निगम, जिला प्रशासन की बदइंतजामी मुख्य वजह रही। पानी निकासी के प्रबंध न होने, नाले व नालियों की सफाई न होने, नालों पर अतिक्रमण न हटाने की वजह से सड़कें जलमग्न हुई। हजारों लोगों को आवागमन में मुसीबत हुई। हैरानी की बात तो यह रही कि लोग जद्दोजहद करते रहे और नगर निगम के अफसर घरों में कूल रहे। ग्रामीण इलाकों में भी पानी का जलजला रहा।**





### गर्मी से राहत तो बारिश से आफत

ट्रफ लाइन लेकर आई शहर में मानसून सीजन की सबसे ज्यादा बारिश बुधवार को झमाझम बारिश से शहर पानी-पानी हो गया और लोगों को उमस से राहत मिल गई। मंगलवार शाम से शुरू हुई बारिश देर रात तक रुक-रुक होती रही। दो घंटे तेज बारिश हुई। इससे शहर के कई क्षेत्र जलमग्न हो गए। इतना ही नहीं निचले इलाकों के रहने वाले लोगों के घरों तक में पानी भर गया। मानसून सीजन में पहली बार इतनी देर व तेज बारिश हुई है। मौसम विभाग कार्यालय में 62.9 मिमी बारिश दर्ज की गई। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिल गई। मंगलवार को सुबह से ही तेज धूप थी। इससे लोग उमस भरी गर्मी से परेशान रहे। शाम को अचानक मौसम बदला। पहले काली घटाएं छाई। इस दौरान शहर में अंधेरा छा गया। देर रात तो इतनी तेज बारिश हुई कि शहर के अनेक हिस्से जलाप्लावित हो गए।
मंगलवार को दोपहर से बारिश का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। मौसम विभाग के मुताबिक बारिश अंचल से गुजर रही ट्रफ लाइन के चलते हुई है। पिछले दिन की तुलना में अधिकतम तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस बढ़त के साथ 37 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 4.1 डिग्री अधिक रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री सेल्सियस बढ़त के साथ 26.6 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 0.9 डिग्री अधिक



रहा। सुबह को आद्रता 81 फीसदी रही। यह सामान्य से 2 फीसदी अधिक रही। शाम की आर्द्रता 98 फीसदी रही। यह सामान्य से 26 फीसदी अधिक रही।

### सामान्य से 20 प्रतिशत से अधिक बारिश

कटनी में सामान्य से 20 प्रतिशत से अधिक बारिश दर्ज हुई है। बारिश के कारण हमेशा की तरह जिला अस्पताल परिसर में भरा पानी, मरीजों, परिजनों व स्टॉफ को हुई परेशानी, निकासी के लिए नहीं दिखे इंतजाम। मुड़वारा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में भी भरा रहा पानी, यात्रियों को हुई बड़ी मुसीबता, मार्ग भी दलदल में तब्दील। गुरुनानक वार्ड में कुएं के पास पानी भरने से लोगों को हुई भारी परेशानी, खिरहनी अंडर ब्रिज में भी हुई समस्या। बारिश से शिवाजी नगर, बालाजी नगर, चंडिकनगर, अहमद नगर, अधारकाप क्षेत्र आदि के लोगों को हुई परेशानी। शहर में पानी निकासी व सुविधा के लिए गंभीर नहीं जनप्रतिनिधि व विभागों के अधिकारी। गायत्री नगर पुलिया के आगे एनकेजे मार्ग पर पानी भर जाने से भी लोगों को आवागमन में हुई समस्या।

## मुख्य मार्ग में 3 से 4 फीट तक पानी, सागर, गायत्री नगर व मंगल नगर पुलिया से आवागमन बाधित

### घंटाघर मार्ग बना नदी

घंटाघर से लेकर आदर्श कॉलोनी मोड़ के आगे तक मुख्य मार्ग में 3 से 4 फीट अधिक तक पानी भर गया, जिससे आवागमन बाधित हो गया। कई लोग जान जोखिम में डालकर के आवागमन करते रहे। यहां के रहवासियों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय की कुछ दिन पहले ही शहर विधायक संदीप जयसवाल, महापौर प्रीति सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक और नगर निगम अधिकारियों ने निरीक्षण कर पानी निकासी व्यवस्था के इंतजाम करने निर्देश दिए थे, लेकिन इंतजाम धरे के धरे रह गए। शहर की जनता को फिर बारिश में परेशानी का सामना करना पड़ा।

### तीनों पुलियों में भरा पानी, ठप रहा आवागमन

बारिश होते ही हमेशा की तहर फिर से सागर पुलिया, गायत्री नगर पुलिया व मंगल नगर पुलिया में समस्या निर्मित हुई। पानी निकासी के पर्याप्त इंतजाम न होने के कारण जलभराव की स्थिति बनी रही। कई घंटे तक आवागमन बाधित रहा। सबसे ज्यादा समस्या गायत्री नगर व मंगलनगर पुलिया में रही। कई साल से यह समस्या है, इसके बाद भी स्थाई समाधान पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। बारिश के कारण कृष्णधाम कॉलोनी, अमकुही, इंडस्टियल एरिया व पार्क जाने वाला रास्ता बंद हो गया है। मार्ग में नई पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है। ठेकेदार के द्वारा डायवर्सन मार्ग बनाया गया है, उसके ऊपर से दिनभर पानी भरा रहा। यहां पर यातायात पुलिस व नगर निगम के कर्मचारी तैनात रहे।



### जागृति कॉलोनी में भरा पानी

तिलक कॉलेज रोड के आगे जागृति कॉलोनी बड़ा गेट के पास वार्ड नंबर 16 में भी जलभराव की स्थिति बनी। कई सालों से रोड, नाली की समस्या होने पर आए दिन बरसात में सड़कों में पानी भर जाता है। आसपास के जमीनों में पानी का भराव होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी भरने से मकानों के जिलकने की समस्या हो गई है।

### मॉडल रोड में भरा पानी

बारिश के कारण बरगवां से लेकर पीरबाबा तक बाइपास में कई जगह पर पानी भर गया। बरगवां, एलआइसी बिल्डिंग, माधवनगर गेट, दुगाड़ी नाला, झिंझरी बरती के पास, यातायात थाना के समीप सहित पन्ना मोड़, मंडी रोड में पानी भरने से लोगों को भारी समस्या हुई। बारिश शुरू होते ही इन स्थानों पर समस्या बनी, लेकिन नगर निगम ने ध्यान नहीं दिया।

### हंप गेट के पास धसकी सड़क, आवागमन में समस्या

रेलवे हम्प गेट जाने वाले मार्ग में ब्रिज निर्माण से लगी रोड आधे से ज्यादा धसक गई है। सड़क के धसकने से आवागमन में हो नागरिकों को बड़ी असुविधा हो गई है। साई ब्लड डोनर ग्रुप के सदस्यों ने पहले रोड निर्माण, फिर ब्रिज के काम की मांग रखी, ताकि जनता को असुविधा से बचाया जा सके। क्योंकि इस रोड से हजारों की संख्या में रेलवे अधिकारी-कर्मचारी, उनके बच्चे व शहर के लोग आवागमन करते हैं।

### जान की नहीं परवाह, मार रहे मछली, लगा रहे छलांग

बारिश में शहर के कई स्थानों पर जल प्लावन की स्थिति बनी रही तो दूसरी ओर कई स्थानों पर युवक व बच्चे जान जोखिम में डालते दिखे। गाटरघाट के समीप स्टॉप डेम के पास मछली मारते हुए दिखे, जबकि यहां कटनी नदी ऊफान पर थी। इसी प्रकार दुगाड़ी नाला में भी लोग जान जोखिम में डालकर मछली मार रहे थे।

## » न्यूज गैलरी

### एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 4 अगस्त को

**कटनी,यशभारत।** जिला उद्योग संगठन द्वारा जिला प्रशासन कटनी एवं मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम भोपाल के सहयोग से solar power plants for Industries पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 4 अगस्त को शाम 4 बजे से होटल अरिंदम में किया जा रहा है। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की सौर ऊर्जा की पॉलिसियों के बारे में सोलर पॉवर प्रोजेक्ट की लागत, उद्योगों में सौर ऊर्जा के माध्यम से कैसे बिजली के बिल में कमी, बैंक फाइनेंस सुविधा आदि विषयों की जानकारी प्रदान करना है। कार्यशाला में सोलर पावर की राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों द्वारा technical जानकारी एवं चतमेमदजंजपवद दिया जायेगा। कार्यक्रम के अंत में Question /answer राउंड रहेगा।

### मुस्कान को मिली एमबीबीएस की डिग्री

**कटनी,यशभारत।** शहर की होनहार



छात्रा कु. मुस्कान सोनी ने भोपाल के चिरायु हॉस्पिटल मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर नगर एवं स्वर्णकार समाज का गौरव बढ़ाया है। जिससे वे बधाई के पात्र हैं। विगत 30 जुलाई को चिरायु मेडिकल कॉलेज में हुये समारोह में उनहें एमबीबीएस की डिग्री प्रदान की गई। कु. मुस्कान सोनी सराफा बाजार स्थित राजेश ज्वैलर्स के संचालक हरभजन लाल सोनी (पूर्व सराफा एसोशिएशन के अध्यक्ष) की पौत्री एवं प्रवीण कुमार सोनी की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## महिला सशक्तिकरण के लिए उल्लेखनीय कार्य कर रही भाजपा एवं हमारी सरकारें : नीतू डबास

### महिला मोर्चा की राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुश्री नीतू डबास ने कटनी में की पत्रकारों से चर्चा

**कटनी, यशभारत।** दो दिवसीय कटनी प्रवास पर पहुंची भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नीतू डबास ने भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में पत्रकारों से चर्चा की। सुश्री डबास ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं सरकार ने सदैव महिला सशक्तीकरण को प्राथमिकता दी है नारी उत्थान, उनके सम्मान में भाजपा सरकार हमेशा अग्रणी रही है और आगे भी अग्रणी रहेगी। भारतीय जनता पार्टी ने विभिन्न कार्यों व योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तीकरण के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत रही है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, लाडली लक्ष्मी, लाडली बहाना योजना, उज्वला गैस योजना, स्वच्छ भारत के तहत शौचालय निर्माण जैसी योजनाओं के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हमेशा से महिला



सशक्तीकरण को प्राथमिकता दी है। उज्जवला योजना से महिलाओं को धुआं और धूल गुब्बार से राहत मिली है। भाजपा समानता के विचार में विश्वास करती है और यह राज्य में भाजपा सरकार के कार्यों के माध्यम से परिलक्षित होता है।

राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी ने कहा कि मध्यप्रदेश की सरकार ने महिला सशक्तिकरण में भूमिका निभाई है, महिलाओं को आगे लाना हमारा यह पहला प्रयास होगा, पन्ना समिति में 33 प्रतिशत महिला को जोड़ना यह भी हमारे इस अभियान का हिस्सा है। लाडली बहना योजना से बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए 1 हजार रुपए प्रति माह खातों में दीजिए जा रहें है आगे आने वाले समय ये रकम 3 हजार तक बढ़नी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता एक तरफ नारी के सम्मान की बात करती है और दूसरी तरफ खुद नारी का अपमान करती है। इनको कांग्रेस शासित दूसरे राज्य जैसे की राजस्थान में महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार दिखाई नहीं दे रहे हैं जहां महिलाओं पर होने वाले अपराधों में कई गुणा की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। महिला शक्ति ने ठाना है की जो सरकार हमारा महत्व समझती है उसे फिर से लाना है। पत्रकारवार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी, महिला मोर्चा की प्रभारी श्रीमती अर्चना अग्रवाल, भाजपा जिला मंत्री अंकिता तिवारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा जैन, श्रीमती सपना सरावगी, कार्यालय मंत्री अम्बरीष वर्मा, सोशल मीडिया संयोजक सचिन तिवारी उपस्थित रहे।

### तीनों रेल स्टेशनों का होगा पुनर्विकास

**कटनी, यशभारत।** कटनी के तीनों रेल स्टेशनों का आधुनिक तरीके से विकास होगा। सांसद एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के प्रयासों से कटनी के मुख्य रेल स्टेशन, मुड़वारा तथा कटनी साउथ का विकास किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसकी आधारशिला 6 अगस्त को रखेंगे। सांसद वीडी शर्मा के खजुराहो संसदीय क्षेत्र के रेलवे जंक्शनों का 320 करोड़ की लागत से पुर्नविकास होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 अगस्त को अमृत भारत कार्यक्रम के तहत इन कार्यों का भूमि पूजन/ शिलान्यास करेंगे। यह कटनी के लिए गौरव की बात है। देश के 506 रेल्वे स्टेशनों के लिए अमृत भारत कार्यक्रम के तहत करोड़ो रूपये की परियोजनाओं की सौगात मिलेगी। सांसद बी.डी.शर्मा के प्रयासों से रेल सुविधाओं के विकास एवं विस्तार हेतु 332 करोड़ रूपये की लागत से चार रेल स्टेशनों के पुर्नविकास कार्य का शिलान्यास होगा। पूरे देश में खजुराहो संसदीय क्षेत्र के लिए सर्वाधिक राशि मंजूर की गई है। रविवार 6 अगस्त को कटनी जंक्शन के पुर्नविकास के लिए 30 करोड़ रूपये, कटनी साउथ के लिए 20.6 करोड़ रूपये और कटनी मुड़वारा जंक्शन के लिए 22 करोड़ रूपये की लागत से पुर्नविकास कार्य का शिलान्यास होगा। जबकि खजुराहो जंक्शन का 260 करोड़ रूपये की लागत से पुर्नविकास कार्य का शिलान्यास होगा।

## व्यक्ति के जीवन में चरित्र नहीं तो उसके ज्ञान का कोई मोल नहीं- निर्यापक मुनि समता सागर



**कटनी,यशभारत।** दिगम्बर जैन समाज एवं धर्म प्रभावना समिति के संयुक्त तत्वाधान में अनेकांत जैन परिषद ने कटनी जिले की जैन समाज के 60 प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं का सार्वजनिक अभिनंदन संत नगर स्तिथ आचार्य ज्ञान सागर सभागार में किया गया । अभिनंदित छात्र छात्राओं में कक्षा बारहवीं ए दसवीं के अलावा अन्य विशिष्ट योग्यता वाले बच्चे चयनित किये गए। मुनिराजों का मिला सान्निध्य कार्यक्रम में आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महा मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक मुनि श्री समता सागर जी महाराज ए पूज्य मुनि महासागर जी महाराज, पूज्य मुनि निष्कंप सागर जी महाराज एवं ऐलक श्री निश्चय सागर जी महाराज का पावन सानिध्य कार्यक्रम को प्राप्त हुआ । कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के साथ ही अरविंद जैन थाना प्रभारी कुठला, सागर से आए जैन समाज गौरव अरुण सिंघई, दयोदय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम चंद जैन एवं जैन समाज कटनी के अध्यक्ष संजय जैन मंचासीन रहे।



### बही ज्ञान की धारा

मुनिश्री समता सागर जी महाराज एवं मुनि श्री निष्कंप सागर जी महाराज ने अपने प्रेरक उद्बोधन में छात्र छात्राओं को प्रेरक मार्गदर्शन प्रदान किया ए मुनिद्वय ने कहा कि बिना संस्कार के शिक्षा अधूरी है ए उन्होंने कहा कि जिस पेड़ में फल नही आते उनकी बिसात नही अतः हमें अपनी भारतीय संस्कृति के अनुरूप अपनी शिक्षा और जीवन शैली को अपनाना श्रेयस्कर है । पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन ने तथा कुठला थाना प्रभारी अरविंद जैन सहित अरुण सिंघई ने भी बच्चों को प्रेरक मार्गदर्शन प्रदान किया।

### अतिथियों का हुआ आत्मीय अभिनंदन

कार्यक्रम की श्रृंखला में श्रीमती सीमा जैन एवं श्रीमती रंजना जैन के कुशल संचालन में कुमारी पूर्वी पटवारी के मंगलाचरण के साथ ही परिषद के मुकेश अर्चना चंदेरिया, संदीप शशि जैन, रजत प्राची जैन, संजीव आशा चंदेरिया, राजेश चांदनी जैन, संदीप पटोरिया, आशीष अम्रता जैन, प्रीति पटवारी, नवीन नीता जैन, प्रसन्न प्राची जैन, मनीष नम्रता जैन, अतुल संतोष जैन, अभिषेक रानू जैन, अमित श्वेता जैन, संजय ज्योति जैन, मनोज सविता बाझल, सुधांशु जैन एवं शोभित जैन ने अतिथियों का अभिनंदन कार्यक्रम को गति प्रदान की।

### इन होनहार बच्चों का हुआ अभिनंदन

बच्चों के अविभावक और समाज के गणमान्य जनों की उपस्तिथि के मध्य करतल ध्वनि के मध्य क्रमशः शाश्वत जैन आर्या जैन, अनुष्का जैन, वाणी जैन, आयुष जैन, ऊर्जा जैन, स्वस्ति जैन, हार्दिक जैन, आदया जैन, अनिशा जैन, ग्रेसी जैन, अदिति जैन, सुहानी जैन, अभिनव जैन, माही जैन, मयंक जैन, अर्चित जैन, विशाल जैन, मेघा जैन, श्रुति जैन, ऋषि जैन, नयन जैन, संपदा जैन, नमी जैन, अक्षत जैन,पीहू जैन, अनुमित जैन, सृष्टि जैन, सृष्टि सुविधा जैन, इशिका जैन, वंशिका जैन, पलाश जैन, आरुष जैन, आशी जैन, संमर्थ जैन, नितिका जैन,‸मनन जैन, समृद्धि जैन, यश जैन, अतिशय जैन, सुनिक्षा जैन, अवनी जैन, सिद्धि जैन, अनन्या जैन, शालीन रांधेलिया, सुजस मोदी, अंशिका जैन, सौम्या जैन, श्रुति जैन, पर्व जैन, मुस्कान जैन, ओमी जैन, प्रगति जैन, राशि जैन, आर्या जैन, रिया जैन, आव्या जैन एवं सेजल जैन को अवार्ड, मैडल तथा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सचिव संदीप जैन के आभार प्रदर्शन के उपरांत कार्यक्रम समापन हुआ।

सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में
ऑल इंडिया रिलीज
28 जुलाई से
रोजाना 11 शो




10.15 AM (AUDI-1)
12.30 PM (AUDI-2)
01.15 PM (AUDI-1)
04.15 PM (AUDI-1)
07.15 PM (AUDI-1)
10.00 PM (AUDI-1)
11.30 AM (AUDI-3)
03.00 AM (AUDI-3)
06.00 PM (AUDI-3)
09.00 PM (AUDI-3)
10.30 PM (AUDI-2)
रॉकी और रानी की प्रेम कहानी
कलाकार- रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, धर्मेंद्र, शबाना आजमी, जया बच्चन आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- मो. 9993123830

सिटी मॉल बरही रोड में




शानदार दूसरा सप्ताह
28 जुलाई से
रोजाना 2 शो
06.00 PM (AUDI-1)
09.30 PM (AUDI-1
नोट- बुधवार को केवल 1 शो चलेगा रात 9.30 बजे से
OPPENHEIMER-2D
(IN HINDI)
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

» न्यूज गैलरी

## स्कूल में नहीं है बिजली, परेशान हो रहे छात्र

**कटनी, यशभारत।** ढीमरखेड़ा तहसील के अंतर्गत ग्राम अंतर्वेद गनियारी में बिजली समस्या से ग्रामीण जन परेशान हैं। हर दिन बिजली की समस्या से लोग परेशान रहते हैं। केबल तार सही न होने से दो स्कूलों में अंधेरा छाया रहता है। शासकीय माध्यमिक हाइस्कूल गनियारी एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय स्कूल आमंगवा, अंतर्वेद गनियारी में पिछले 2 माह से विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से ठप पड़ी हुई है। ग्रामीणों के द्वारा सरपंच गोकर्ण पंकज मिश्रा को अवगत कराया गया। सरपंच, पंचों एवं ग्रामीणजन विद्यालय परिसर में पहुंचे तो बच्चों को एवं छात्र छात्राओं को बेहोशी की हालत में पाया गया। तत्काल ग्लूकोज एवं पानी की व्यवस्था कराई गई। शासन-प्रशासन से जल्द से जल्द विद्यालय में विद्युत व्यवस्था कराई जाए, जिसमें पानी की व्यवस्था हो सके। पंखों की व्यवस्था हो सके। साथ-साथ ही जो स्मार्ट क्लास चल रही हैंए वह भी लाइट न मिलने के कारण सुचारू रूप से नहीं चल पा रही हैंए जिसमें जो छात्र-छात्राएं आते हैंए वह भी स्कूल आने में हिचकिचाते हैं। उनके अभिभावकों में काफी रोष व्याप्त है। जिसमें देखा गया कि बच्चे अपनी किताबें लेकर देखते रहते हैं, जिसमें से बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह से चरमराई पड़ी है। कलेक्टर अवि प्रसाद से मांग की गई है कि कि बच्चों का ध्यान रखते हुए विद्युत विभाग को निर्देश देकर व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। ठेकेदार उमरियापान द्वारा कराई गई केबिल पूरी तरह से जर्जर हो गई है, जिससे पूरे गांव की लाइट खराब पड़ी है। ग्रामीण परेशान हैं।

# सुधार कार्य के चलते घंटों अंधेरे में रहा शहर

## चांडक चौक में बिजली के खंभे में करंट के बाद सुधार के लिए 1 घंटे की बजाय 4 घंटे तक ठप रही आपूर्ति

यश भारत खास खबर

**कटनी, यशभारत।** शहर में बिजली आपूर्ति व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। कहीं परमिट के नाम पर 10-10 घंटे कटौती कही जा रही है तो कहीं फाल्ट सुधारने के नाम पर पूरे शहर को अंधेरे में रखा जा रहा है। पिछले दो दिनों से पहरूआ फीडर के वाशिंदे बिजली विभाग की मनमानी के चलते सबसे ज्यादा परेशान है। रविवार को मझगवां आरओबी में बिजली के खंभों और हाईटेंशन लाइन शिफ्टिंग के चलते 6 घंटे के परमिट के बाद 10 घंटे तक आपूर्ति ठप रही और मंगलवार को एक बार फिर फाल्ट सुधारने के नाम पर करीब 4 घंटे तक सुधार कार्य चलता रहा, जिसके चलते पहरूआ फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के उपभोक्ता खासे परेशान रहे। कटौती के संबंध में बिजली दफ्तर फोन लगाने पर भी उचित जबाव नहीं दिया जा रहा था। 1912 में कम्प्लेन करने पर भी उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। परेशान उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली विभाग के अधिकारी मनमानी पर उतारू हो गए हैं। उन्हें उपभोक्ताओं की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है।

विद्युत ब्रह्मोति

बताया जाता है कि सोमवार की रात चांडक चौक के पास आदर्श कॉलोनी मार्ग पर एक ट्रक कार में ठोकर मारते हुए बिजली के खंभे से टकरा गया था। जिससे कार बुरी तरह चरपट हो गई थी और बिजली का खंभा भी क्षतिग्रस्त हो गया था। विद्युत विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दिए जाने के बाद सुधार कार्य नहीं किया गया था। विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते खंभे में करंट आने के बाद मंगलवार की सुबह 23 वर्षीय युवकी करंट लग जाने से मौत हो गई थी। युवक की मौत के बाद विद्युत विभाग के अधिकारी गहरी निद्रा से जागे और बिजली के खंभे में सुधार कार्य के लिए एक घंटे का परमिट लिया गया। बताया जाता है कि 11 केवी सिटी 11 और 11 केवी सिटी 5 की सप्लाई लगभग 1 घंटे के लिए बंद किए जाने के लिए कहा गया था लेकिन विद्युत विभाग ने दोपहर करीब 3 बजे से सुधार कार्य



शुरू किया और शाम होने तक सुधार कार्य चलता रहा, जिसके चलते गोल बाजार, घंटाघर, जालपा वार्ड, आदर्श कॉलोनी, गांधीगंज, नई बस्ती, संत नगर, शंभू टॉकीज के पास, आधार काप, झंडा बाजार, विश्वकर्मा पार्क, अल्फर्टगंज, नई बस्ती, बच्चन नायक गली, शहीद द्वार के पास, शिवनगर, पहरुआ गल्ला मंडी के अंदर, सूर्या होटल और शिवाजी नगर क्षेत्र प्रभावित रहे। इन क्षेत्रों के उपभोक्ता पिछले कुछ दिनों से बिजली विभाग की मनमानी के चलते खासे परेशान हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि विभाग के अधिकारी कभी मेंटानेंटस के नाम पर तो कभी सुधार कार्य के नाम पर घंटों बिजर्ली आपूर्ति ठप कर देते हैं, जिसके चलते कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने कलेक्टर अवि प्रसाद से कार्यवाही की अपेक्षा की है।

## संकुल प्राचार्य को दिया नोटिस, केवलारी प्राथमिक शाला का मामला

**कटनी, यशभारत।** जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत ढीमरखेड़ा के अंतर्गत आने वाली प्राथमिक शाला केवलारी में स्कूल भवन में ताला लगा हुआ है। किराए के भवन में पाठशाला का संचालन किया जा रहा हैं। कच्चे खपरैल मकान में स्कूल के संचालन में शिक्षकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यशभारत में खबर प्रकाशन के बाद ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विनोद दीक्षित ने संकुल प्राचार्य के नाम नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। नोटिस में पूछा गया है कि स्कूल भवन में ताला लगा होने के कारण बच्चे कच्चे खपरैल मकान में बैठ रहे हैं। बरसात के मौसम में छात्र छात्राओं पर कच्चा मकान ध्वस्त होने या गिर जाने पर किसी तरह की क्षति ना हो जाएए ऐसी व्यवस्था कब से है और किसकी अनुमति से की गई है। प्रतिवेदन में समावेशित करें अन्यथा होने वाली किसी भी अप्रिय घटना के लिए आप जिम्मेदार हैं।

## सड़कें खोदकर ठेकेदार ने बंद किया नल जल योजना का काम

**कटनी, यशभारत।** जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कछार गांव बड़ा में समस्याओं का अंबार है। गांव की अंदर व बाहर जाने के लिए सड़कें खस्ताहाल होने से ग्रामीण परेशान है। ग्राम पंचायत सरपंच कैलाश चंद्र जैन ने बताया कि सरकार की योजनाएं तो अच्छी हैं लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही के कारण योजनाओं के क्रियान्वयन में ठेकेदार मनमानी कर रहे हैं। गांव में करोड़ों रुपए की लागत से नल जल योजना का कार्य ठेकेदार के द्वारा किया जा रहा है। आधा-अधूरा काम छोड़कर ठेकेदार के द्वारा काम बंद कर दिया गया है। पूरे गांव की सड़कें खोद कर छोड़ दी गई है, जो हादसों की वजह बन रही है। नलों के पास पानी भरने से गंभीर बीमारियों का खतरा भी ग्रामीणों के ऊपर मंडरा रहा है। ग्राम से सिलौड़ी मार्ग में करीब 3 दर्जन बसों का संचालन होता है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2016 में मुख्यमंत्री ने नई और चौड़ी सड़क बनाने की घोषणा की थी लेकिन सड़क नहीं बन सकी। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों की मनमानी के कारण नई और चौड़ी सड़क का निर्माण न कराकर मात्र मेंटेनेंस का कार्य किया गया है। यह सड़क भी कुछ ही समय में खस्ताहाल हो गई। सरपंच ने बताया कि ग्राम से सुनार खेड़ा सड़क निर्माण का कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सड़क परियोजना के माध्यम ठेकेदार के द्वारा करवाया गया है।

# सड़क हादसों में मवेशियों का डेरा, जानलेवा हुआ आवागमन

## मुख्य मार्गों से लेकर हाईवे पर आवारा मवेशियों की धमाचौकड़ी से रोज हो रहे दुर्घटनाएं

**कटनी, यशभारत। इन दिनों स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र के मार्गों पर आवागमन करना परेशानी का सबब बना हुआ है। सुबह से लेकर रात तक आवारा पशुओं की धमाचौकड़ी मची रहती है, जिससे हालात ये हैं कि स्लीमनाबाद क्षेत्र में हाइवे सहित अन्य मार्गों में प्रतिदिन पशुओं की सड़क दुर्घटनाओं में मौत हो रही है। ये घटनाएं अधिकतर रात के समय हो रही हैं। ठीक इसी प्रकार से स्लीमनाबाद से बहोरीबंद, रीठी, कुआं, बड़वारा व उमरियापान मार्ग में पशुओं की धमाचौकड़ी मार्गों में देखने को मिल रही है।**

वर्षा काल के सीजन में पशु रात्रि के समय सड़कों पर आकर बैठ जाते हैं। जिससे राहगीरों को आवागमन करने में परेशानियों को



सामना करना पड़ रहा है। साथ ही राहगीर भी सड़क हादसे में घायल हो रहे हैं। सड़कों पर आवारा मवेशियों की धमाचौकड़ी से निजात दिलाने स्थानीय प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नही उठाये जा रहे हैं, न ही पशु पालक ध्यान दे रहे हैं। क्योंकि पशु पालकों ने मवेशियों को आवारा छोड़ रखा है। वहीं ग्राम पंचायतों के द्वारा भी अपने अपने क्षेत्रों में मार्गों से मवेशियों को हटाने को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

गौरतलब है इन दिनों ऐसा कोई दिन बाकी नहीं जा रहा है जब कही न कही गौवंश की मौत न होती हो। मंगलवार की दरमियानी रात स्लीमनाबाद हाइवे पर भेड़ा बायपास पर सात गौवंशों की सड़क हादसे में मौत हो गई। आवारा मवेशियों के कारण किसान भी परेशान हैं। इन दिनों मार्गों के किनारे लगे खेतों में आवारा मवेशी घुसकर किसानों द्वारा बोई गई खरीफ की फसल को चर जाते हैं। जिससे संबंधित किसानों को नुकसान पहुंच रहा है। इस समस्या के निवारण के लिए किसानों ने कई बार स्थानीय प्रशासन के आलाधिकारियों से शिकायत की है। लेकिन कोई भी आवारा मवेशियों को पकडऩे के लिए कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

# स्कूलों के निरीक्षण में मिली बच्चों की कम उपस्थिति

**कटनी, यशभारत।** स्कूलों में चल रही शैक्षणिक गतिविधि, शिक्षकों द्वारा कराए जा रहे अध्यापन कार्य की नब्ज टटोलने के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। स्कूल में नदारद मिले शिक्षकों को नोटिस जाने के निर्देश दिए। वहीं निरीक्षण में सामने आया कि बच्चों की उपस्थिति कम है, उसे बढ़ाने के लिए कहा गया। गांवों में खेती किसानी का काम चलने के कारण व अभिभावकों द्वारा मजदूरी के लिए पलायन करने के चलते बच्चे भी स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं। जानकारी के अनुसार एडीपीसी अभय जैन व सहायक संचालक राजेश अग्रहरि ने मंगलवार को चार हाइ व हॉयर सेकंडरी स्कूलों का स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। टीम सिंघनपुरी हाइस्कूल सवा 12 बजे पहुंची। यहां पर अधिकारियों ने पाया कि दोनों नियमित शिक्षक राजेश सराठे व मलिक नदारद रहे। स्कूल में 58 बच्चे दर्ज थे। 25 उपस्थित पाए गए। स्कूल में दो में एक अतिथि शिक्षक ही रहे। जब अधिकारियों ने पूछा तो अतिथि शिक्षक ने बताया कि ब्रिज कोर्स की पुस्तक लेने चले गए। मनमानी पर नोटिस जारी करने कहा गया है। यहां भी पहुंची टीम. देवरी हटाई हॉयर सेकंडरी पहुंचे तो पाया कि 443 बच्चों में से 228 उपस्थित पाए गए। पांच नियमित शिक्षक थेए 4 उपस्थित मिले। एक शिक्षक प्रशिक्षण में जाना बताया गया। यहां पर अतिथि शिक्षक भी मौजूद पाए गए। इसके बाद अधिकारी नन्हवारा सेझा गए तो 6 शिक्षकों की पदस्थापना पर दो शिक्षक प्रशिक्षण में जाना बताया गया। 4 शिक्षक स्कूल में पाए गए। 299 दर्ज संख्या के स्थान पर 153 मिले। इसके बाद अधिकारी हीरापुर कौड़िया पहुंचे। यहां पर 260 में 145 बच्चे उपस्थित पाए गए। सभी शिक्षक उपस्थित मिले। सभी स्कूलों में बच्चों की कम उपस्थिति चिंता का विषय बनी हुई है।

**शैक्षणिक कार्य की नब्ज टटोलने का प्रयास**

### जनसेवा मित्रों ने किया पौधरोपण

**कटनी, यशभारत।** जनसेवा मित्रों ने ग्राम पंचायत सकरीगढ़ में वृक्षारोपण एवं बीजारोपण का कार्यक्रम किया। इस दौरान जनसेवा मित्रों ने पौधों का संकल्प लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच राजेश त्रिपाठीए मेवा लाल दहिया, प्रेम लाल बुनकरए जनसेव, प्रियंका रजक, आनंद बर्मन, आनंद गुप्ता, शिवम बुनकर, प्रीति साहू, अमन, दिव्यांशु केवट सहित अन्य मौजूद रहे।

### स्वतंत्र जिला सचिव बने

**कटनी, यशभारत।** उमरियापान के स्वतंत्र चौरसिया को कांग्रेस ने ग्रामीण जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ के अनुमोदन और विधायक विजयराघवेंद्र सिंह की अनुशंसा पर ग्रामीण जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान ने युवा नेता की नियुक्ति किया है।

# लंबित मांगों के निराकरण को लेकर हड़ताल पर रहे नगर निगम कर्मचारी

**नगर निगम कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी**



**कटनी, यशभारत।** मध्य प्रदेश नगर निगम एवं नगरपालिका कर्मचारी संघ भोपाल के आव्हान पर नगर पालिक निगम कटनी के कर्मचारियों ने मंगलवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर एक दिवसीय काम बंद सामूहिक हड़ताल की। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने नगर निगम कार्यालय के सामने जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे नगर निगम के कर्मचारियों ने बातचीत में कहा कि प्रदेश की निकायों में अधिकारी, कर्मचारी, दैनिक वेतन भोगी, स्थाई कर्मियों के द्वारा लंबे समय से अपनी विभिन्न मांगें प्रदेश शासन के समक्ष रखी गईए लेकिन अब तक उन मांगों पर प्रदेश सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। अपनी मांगों का उल्लेख करते हुए कर्मचारियों ने कहा कि प्रदेश के निकायों में कार्यरत दैनिक भोगी कर्मचारियों का विनियमितीकरण किया जाना चाहिए, निकायों में रिक्त पदों पर पूर्व से कार्यरत स्थाई कर्मियों अथवा दैनिक वेतन भोगियों को नियमित किया जाना चाहिए। पुरानी पेंशन बहाल की जानी चाहिए। इसके अलावा अन्य और मांगें भी हैं, जिनको लेकर कर्मचारी प्रदेश सरकार से लगातार मांग करते आ रहे हैं।

# न्यायिक हिरासत में जेल भेजी गई महिला

## मंगलवार को हुई थी घटना, जैन समाज ने दिया धरना

**कटनी, यशभारत।** जैन बोर्डिंग हाऊस में धर्मसभा के दौरान जैन मुनि श्री आतिस्क्य सागर जी महाराज पर अशोभनीय टिप्पणी मामले में कोतवाली पुलिस ने महिला के विरूद्ध धारा 153, 153, 294, 295, 296, 298, 452 के तहत मामला दर्ज करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में न्यायालय में पेश किया, जहां उसे माननीय न्यायाधीश द्वारा जेल भेज दिया गया है। महिला की शिनाख्त नासरीन बैगम के रूप में की गई थी। इस मामले की शिकायत सुभाष चौक निवासी अनिल कुमार जैन पिता अभय कुमार जैन द्वारा कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई थी। गौरतलब है कि कल 1 अगस्त मंगलवार की सुबह करीब 8 बजे जैन बोर्डिंग हाऊस में रोजाना की तरह धर्मसभा का आयोजन किया गया था। जैन मुनि श्री आतिस्क्य सागर जी महाराज द्वारा प्रवचन दिए जा रहे थे, उसी समय नासरीन बैगम ने जैन बोर्डिंग हाऊस के अंदर प्रवेश करते हुए सांप्रदायिकता फैलाने के आशय से जैन मुनि पर अशोभनीय टिप्पणी की थी। इस घटना से जैन समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया था और समाज के लोगों द्वारा कोतवाली के बाहर धरना देते हुए महिला के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की जा रही थी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ था। पुलिस ने महिला नासरीन बैगम के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



**जैन बोर्डिंग हाऊस में मुनि पर टिप्पणी मामले में प्रकरण दर्ज**

### गरीबों को समय से उपलब्ध कराएं राशन

**कटनी, यशभारत।** जनपद पंचायत सभागार में मंगलवार को एसडीएम विंकी सिंघमारे ने सेल्समेनों की बैठक लेकर गरीब परिवारों को समय से राशन उपलब्ध कराने के संबंध में निर्देश दिए। खाद्यान्न वितरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हितग्राहियों के फिंगरप्रिंट लेने के बाद अगर राशन वितरण में कोताही सामने आएगी तो निश्चित तौर पर एफआइआर की कार्रवाई की जाना निश्चित है। खाद्य निरीक्षक बृजेश जाटव और सहकारिता सीइओ हरिनारायण प्रजापति ने भी विक्रेताओं से दुकानों के स्टॉक और वितरण के संबंध में दुकानवार जानकारी ली।

# आचार्य ज्ञान सागर सभागार में स्वास्थ्य शिविर 6 अगस्त को

**कटनी, यशभारत।** परम पूज्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक मुनि श्री 108 समता सागर जी महाराज, मुनि श्री 108 महासागर जी महाराज मुनि श्री 108 निष्कंप सागर जी महाराज एवं ऐलक 105 निश्चय सागर जी महाराज की प्रेरणा एवं आर्शीवाद से दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप रॉयल द्वारा आगामी 6 अगस्त दिन रविवार को प्रातः 10 बजे से शंभू टाकीज रोड स्थित आचार्य ज्ञान सागर सभागार में निःशुल्क परामर्श निदान शिविर का आयोजन मुनि संघ के सानिध्य में किया जा रहा है। शिविर में डॉ. गौरव शाह जबलपुर, डॉ. अमोल डोंगरे, डॉ. चैताली गौरव शहा जबलपुर से आए डॉक्टरों द्वारा जनरल फिजिशियन, हड्डी रोग विशेषज्ञ, गुर्दा, बवासीर, गायनिक स्त्री एवं प्रसूती रोग से ग्रसित मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया जाएगा। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप रॉयल ने लोगों से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

**जबलपुर से आएंगे चिकित्सा विशेषज्ञ**

mgm NURSING
प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ
एम.जी.एम. स्कूल/ कॉलेज ऑफ नर्सिंग
विशेषतायें : डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक B.Sc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें
SC/ST/OBC छात्र - छात्राओं को स्कॉलरशिप शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जायेगी
जिले में सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. कोर्स में प्रवेश प्रारंभ


| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1. | बी.एस.सी. ( नर्सिंग ) | 4 वर्ष | 12वीं ( बायो ) |
| 2. | जी.एन.एम. ( नर्सिंग ) | 3 वर्ष | 12वीं ( किसी भी विषय ) |
| 3. | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.( नर्सिंग ) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

सर्वसुविधा युक्त लायब्रेरी, स्पोकन इंग्लिश एवं कम्प्यूटर कोर्स की निःशुल्क सुविधा, एयरकूल्ड छात्रावास सुविधा एवं भोजन की सुविधा उपलब्ध
जिला अस्पताल, कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इंडियन नर्सिंग कांऊसिल नई दिल्ली, मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, मध्यप्रदेश स्टेट नर्सेस कांऊसिल भोपाल, मध्य प्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी
फोन. 07622&405074 मो. 7771001902
कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी ( म.प्र. )


किराए से देना है
एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।
संपर्क-8109417340

सिटी मॉल बरही रोड में


शानदार दूसरा सप्ताह
28 जुलाई से रोजाना 2 शो
06.00 PM (AUDI-1)
09.30 PM (AUDI-1
नोट- रविवार एवं बुधवार को केवल 1 शो चलेगा रात 9.30 बजे से
OPPENHEIMER-2D
(IN HINDI)
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज


04 अगस्त से रोजाना 4 शो
12.30 PM (AUDI-2)
03.45 PM (AUDI-2)
07.00 PM (AUDI-2)
10.15 PM (AUDI-2)
नोट- बुधवार को 6 शो चलेंगे 12.30, 3.45, 7 एवं 10.15 (ऑडी-2), 2.45 एवं 6 (ऑडी-1)
रॉकी और रानी की प्रेम कहानी
कलाकार- रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, धर्मेंद्र, शबाना आजमी आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में


ऑल इंडिया रिलीज
04 अगस्त से रोजाना 5 शो
12.45 PM (AUDI-1- 2D)
03.00 PM (AUDI-1- 3D)
05.15 PM (AUDI-1- 2D)
07.30 PM (AUDI-1- 3D)
09.45 PM (AUDI-1- 3D)
MEGH - 2
THE TRENCH
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

## » न्यूज गैलरी

### फिजूलखर्ची रोकने का अभियान शुरू करेगी सिंधी पंचायत

भोपाल ,यशभारत। पूज्य सिंधी पंचायत ने सामाजिक बुराइयां रोकने एवं सामाजिक सरोकार के उद्देश्य से फैसला बोर्ड गठित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पंचायत ने वरिष्ठ समाजसेवी राज मनवानी को बोर्ड का संयोजक बनाने की घोषणा की है। बोर्ड में युवाओं को भी जगह दी जाएगी।फैसला बोर्ड के गठन का मसला लंबे समय से टल रहा था। सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों ने विचार-विमर्श के बाद तय किया कि इस बार बोर्ड में 11 के बजाय 25 सदस्य शामिल किए जाएंगे। युवाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जाएगी। पारिवारिक विवाद हल करने का काम पहले की तरह बुजुर्ग करेंगे। मांगलिक अवसरों पर फिजूलखर्ची रोकने का काम युवाओं के सहयोग से किया जाएगा। पंचायत के महासचिव माधू चांदवानी ने बताया कि पिछले कुछ समय से विवाह एवं सगाई के दौरान बड़े परिवार भव्य आयोजन करने लगे हैं। इनकी देखादेखी में मध्यम वर्ग भी बड़े कार्यक्रम कर रहा है। शोक सभा में ही स्वल्पाहार की व्यवस्था भी जाने लगी है। इसे रोकने का प्रयास किया जाएगा।

### दिवंगत शिक्षिका के नाम से सात करोड़ की वसूली का नोटिस

भोपाल (ईएमएस)। प्रदेश के बैतूल जिले की एक दिवंगत शिक्षिका के नाम आयकर विभाग ने सात करोड़ 55 लाख 69 हजार 30 रुपये की वसूली का नोटिस जारी किया है। शिक्षिका की करीब दस साल पहले मौत हो चुकी है। इस मामले में शिक्षिका के बेटे ने मां के दस्तावेजों का गलत उपयोग कर धोखाधड़ी की आशंका जताते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर जांच की मांग की है। बडोरा निवासी पवन सोनी ने बताया कि उनकी मां उषा सोनी पाथाखेड़ा के सरकारी स्कूल में पदस्थ थीं। 20 नवंबर 2013 को बीमारी के कारण उनका निधन हो गया था। 26 जुलाई को स्व. उषा सोनी के नाम पर स्वजनों को आयकर विभाग का नोटिस मिला। नोटिस मिलने से हैरान परेशान स्वजनों ने आयकर विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया तो उन्हें बताया गया कि यह टैक्स वर्ष 2017-18 का है। इसके लिए पहले नोटिस भेजे गए थे, लेकिन जवाब नहीं आने पर अब घर पर नोटिस भेजा गया। जो टैक्स बाकी बताया गया है उस पर पेनाल्टी और ब्याज के बाद साढ़े सात करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। पवन ने बताया कि जो दस्तावेज मिले हैं, उससे पता चला है कि कोई नेचुरल कास्टिंग कंपनी है, जिसने स्क्रैप बेचा है।इस लेनदेन में उनकी मां के पेन कार्ड का उपयोग किया गया है। यह कंपनी पंजाब की बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि दो मामले सामने आए हैं। इस संबंध में आयकर विभाग से भी जानकारी ली जा रही है। जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### अरविंद कुमार डीजी होमगार्ड बनाए गए

भोपाल ,यशभारत। मध्यप्रदेश के गृह विभाग ने 34 आईपीएस अफसरों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। इनमें वर्तमान डीजी जेल अरविंद कुमार को होमगार्ड मध्यप्रदेश का महानिदेशक बनाया गया है। वहीं, राजेश चावला डीजी जेल बनाए गए हैं। पवन कुमार श्रीवास्तव को एडीजी सतर्कता, चंद्रशेखर सोलंकी को डीआईजी खरगोन और सिद्धार्थ बहुगुणा को एआईजी पीएचक्यू बनाया गया है। वहीं बुरहानपुर एसपी राहुल कुमार को रतलाम जिले की कमान सौंपी गई है। वहीं दमोह एसपी राकेश कुमार सिवनी एसपी बने। उमरिया एसपी प्रमोद कुमार को भोपाल देहात एसपी की जिम्मेदारी दी गई है। साईकृष्ण एस थोटा पन्ना एसपी बने। रायसिंह नरवरिया श्योपुर एसपी बनाए गए हैं। धर्मराज मीणा एसपी दमोह, निवेदिता नायडू एसपी उमरिया, हंसराज सिंह डीसीपी इंदौर इंटेलिजेंस, हितिका वासल एसपी पीआरटीएस इंदौर, राम श्रीवास्तव डीसीपी भोपाल, सुनील कुमार मेहता एसपी देहात इंदौर, देवेंद्र कुमार पाटीदार एसपी बुरहानपुर, सुंदर सिंह कनेश डीसीपी भोपाल, राजेश व्यास एसपी अलीराजपुर,, सुधीर कुमार अग्रवाल डीसीपी भोपाल, पंकज कुमार पांडे डीसीपी इंदौर और संजय कुमार अग्रवाल एआईजी पुलिस मुख्यालय बनाए गए हैं।

सीएम ने सागर में लवकुश मंदिर व सामुदायिक धर्मशाला भवन बनाने के लिए 10 करोड़ की राशि का चेक सौंपा

# उद्यानिकी फसलों के लिए मार्केटिंग बोर्ड का होगा गठन

**भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश व देश की प्रगति में कुशवाहा समाज अहम भूमिका निभा रहा है। यह बहुत ही परिश्रमी समाज है। खेती-किसानी से जुड़ा है। कुशवाहा समाज भारतीय संस्कृति का रक्षक है। इसी समाज से चंद्रगुप्त मौर्य, सम्राट अशोक जैसे रत्न निकले। फल-फूल, सब्जी के उत्पादन और व्यापार से जुड़े कुशवाहा समाज के हित के लिए उद्यानिकी फसलों के लिए पृथक मार्केटिंग बोर्ड का गठन किया जाएगा। अलग से मंडियां बनाई जाएंगी। इससे प्रदेश के छोटे-छोटे किसानों को बिचौलियों से निजात मिल सके।**




यह बात मुख्यमंत्री चौहान ने सोमवार को गोविंदपुरा भेल दशहरा मैदान पर आयोजित अखिल भारतीय कुशवाहा महाकुंभ में कही।उन्होंने सागर में लवकुश मंदिर के निर्माण एवं सामुदायिक धर्मशाला के लिए 10 करोड़ रुपये की राशि का चेक भी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी वर्मा को दिया।

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा मप्र के कार्यालय व छात्रावास के लिए भूमि आवंटन के संबंध में आवश्यक प्रक्रिया जल्द पूरी करने की बात भी कही। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दमोह जिले के सीएम राइज विद्यालय का नामकरण महात्मा ज्योतिबा फुले के नाम करने की घोषणा की। उज्जैन में भवन निर्माण जल्द कराने की बात कही।

कुशवाहा समाज के लोगों से कहा कि प्रदेश व देश की उन्नति के लिए भाजपा का साथ दें। साथ ही लाड़ली बहना योजना के पैसे आगामी समय में 1000 से बढ़ा कर 1250 और फिर 3000 रुपये तक महिलाओं को देने के लिए कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे कुशवाहा समाज की महिलाएं भी मजबूत होंगी।

मंच से उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाहा से मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि आप जो भी समाज के काम लेकर लाएंगे, उनको तत्काल पूरा किया जाएगा। इस मौके बड़ी संख्या में मप्र सहित देश के कई शहरों से आए कुशवाहा समाज के लोग शामिल हुए।

### ज्योतिबा और सावित्री फुले को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा व सावित्री फुले ने स्त्री शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया। दोनों के व्यक्तित्व से प्रदेश की नई पीढ़ी को परिचित करवाने और उनसे प्रेरणा लेकर अपना भविष्य तय करने के लिए दोनों की जीवनी को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। महात्मा फुले की जयंती पर प्रदेश में ऐच्छिक अवकाश घोषित किया है।




# जगन्नाथपुरी की यात्रा हेतु 05 अगस्त तक आवेदन

**भोपाल,यशभारत।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आगामी 16 अगस्त 2023 को जगन्नाथपुरी की प्रस्तावित यात्रा हेतु भोपाल नगर निगम सीमा में निवासरत वरिष्ठ नागरिक एवं 60 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति शनिवार, 05 अगस्त 2023 तक अपने आवेदन माता मंदिर हर्षवर्धन काम्पलेक्स के प्रथम तल में संचालित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना प्रकोष्ठ में प्रस्तुत कर सकते हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत नगर निगम भोपाल सीमा के अंतर्गत निवासरत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक एवं 60 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति (जो स्वयं यात्रा करने में सक्षम हो) तीर्थ दर्शन यात्रा हेतु आवेदन कर सकते हैं। 65 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक एवं 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग व्यक्ति अपने साथ यात्रा पर एक सहायक जिसकी आयु 18 से 50 वर्ष के मध्य हो, को ले जा सकते हैं उनके लिए पृथक से आवेदन करना होगा।

# चार दिन में दो नवजात को सड़क पर लावारिस फेंका, एक की मौत, एक अस्पताल में

भोपाल,यशभारत। राजधानी में नवजात बच्चों को उनके जन्म के दो से चार दिन के अंदर मरने के लिए सड़क के किनारे झाडियों में फेंकने के दो सनसनीखेज मामले सामने आए हैं। अभी चार दिन पहले पिपलानी में एक नवजात को फेंकने के बाद उसका सिर कुत्तों ने नोंच खाया गया था। बाद में उसका पोस्टमार्टम् कराया गया था, उसकी रिपोर्ट आना बाकी है। अब एक बार फिर से सूखीसेवनिया में रेलवे स्टेशन के पास कूड़ेदान एक नवजात को फेंकने का मामला सामने आया है। जब रेलवे के कर्मचारी ने बच्ची के रोने



की आवाज सुनी तो उसे अस्पताल में भर्ती कराया और पुलिस को पूरे मामले की सूचना दी गई।सूखीसेवनिया के थाना प्रभारी भरत सिंह राजपूत ने बताया कि 29 जुलाई को शाम को करीब सात बज रहे थे, भदभदा रेलवे स्टेशन के पास एक कूड़ादान है। वहां से बच्ची के रोने की आवाज आ रही थी। पहले कर्मचारियों ने लगा कि किसी का मोबाइल बज रहा है, लेकिन काफी देर तक आवाज आती रही तो बाहर जाकर देखा तो कड़ेदान में एक जिंदा बच्ची थी। उसके शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था, किसी ने उसे पैदा होते ही फेंक दिया था।नवजात बच्ची के पिपलानी में फेंकने के मामले में पुलिस काफी सीसीटीवी देखे, लेकिन पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लगा। इसके अलावा सूखीसेवनिया पुलिस ने सीसीटीवी के साथ आसपास लोगों से पूछताछ की है कि किसी ने बच्ची को फेंकते आते देखा हो।

# सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी से 87 हजार ठगे

## एटीएम में लिखा फर्जी हेल्पलाइन नंबर

**भोपाल, ,यशभारत।** बागसेवनिया के निखिल होम्स में रहने वाले 75 वर्षीय बैंक से सेवानिवृत्त तारकेश्वर भट्ट अनोखे तरीके की ठगी का शिकार हो गए। दानिश नगर नगर में एसबीआइ एटीएम बूथ पर रुपये निकलते समय उनका डेबिट कार्ड मशीन के अंदर फंस गया, जब उन्होंने उसे निकालने के लिए प्रयास किए तो वह सफल नहीं हुए। बाद में उन्होंने बूथ में लिखे हेल्पलाइन नंबर पर फोन किया। सामने वाले ने उनसे उनकी बैंक संबंधित पूरी जानकारी ली, बाद में उनका कार्ड तो बाहर आ गया, लेकिन बाद में उनके खाते से करीब 87 हजार रुपये निकाल लिए। उनके दो ट्रांजेक्शन मंडीदीप और तीसरा सीहोर जिले में हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



जानकारी के मुताबिक तारकेश्वर भट्ट ने साइबर पुलिस को दिए शिकायत आवेदन में बताया है कि एटीएम बूथ पर लिखे नंबर पर जब उसने फोन किया तो बात करने वाले ने उनको एटीएम मशीन के कीपैड पर उनका एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी नंबर और पासवर्ड टाइप करवाया। इससे कार्ड बाहर आ गया। इसे लेकर वह घर चले गए थे। लेकिन अगले सोमवार सुबह उनके पास से तीन एसएमएस आए। दो मैसेज एटीएम बूथ में प्रेसेस करने के बाद कुछ बाद के हैं। जबकि तीसरा सोमवार सुबह आया है। 75 हजार रुपये स्पैप मशीन से जबकि 10 हजार एटीएम से निकाले गए हैं। दोनों ही ट्रांजेक्शन आइडी मंडीदीप की है। तीसरा मैसेज दो हजार रुपये सीहोर में एटीएम से निकालने का है।तारकेश्वर भट्ट ने पूरे मामले को लेकर शिकायत साइबर पुलिस में की है। उनका कहना है कि जब दूसरे दिन वह एटीएम बूथ पर पहुंचे तो जिस कागज की पर्ची पर हेल्पलाइन नंबर लिखे थे, उसे किसी ने फाड़ दिया था। पुलिस को उसकी भी जांच करनी चाहिए।

# रिकवरी एजेंट से मारपीट कर दस हजार रुपये और तीन मोबाइल छीने

भोपाल, ईएमएस। परवलिया सड़क के गांव झिरनिया बड़ली पहाड़ी के पास रविवार शाम दो बाइक से आए तीन युवकों और महिला ने मिलकर दो रिकवरी एजेंट से मारपीट की और उनके तीन मोबाइल समेत रिकवरी के दस हजार दो सौ रुपये लूट लिए। मारपीट में दोनों रिकवरी एजेंट को चोट आई थी और वह खुद ही बाइक से अस्पताल अपना इलाज कराने के लिए पहुंच गए। अस्पताल से मिली सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने लूटपाट और मारपीट का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार प्रमोद धनगर पिता रघुवीर धनगर (25) मुगालिया हाट, परवलिया सड़क में रहते हैं। वह लालघाटी स्थित निजी फायनेंस कंपनी में नौकरी करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि कंपनी में साथ काम करने वाले राजेंद्र मालवीय के साथ वह पाटन टेकपुरा से रिकवरी कर लौट रहे थे। इस दौरान झिरनिया ब?ली पहा?ी के पास रुककर स?क किनारे लघुशंका करने लगे। इसी बीच एक बाइक सवार आकर रुका। बाइक सवार के साथ महिला थी। महिला भी वहां रुककर लघुशंका करने लगी। इसी बीच महिला के साथ मौजूद युवक ने प्रमोद और राजेंद्र मालवीय का वीडियो बनाना शुरू कर दिया और कहने लगा कि महिला के साथ यह क्या कर रहे हो।

**वारदात में एक महिला भी शामिल**

# सायबर ठगों से बचने के लिए एडवायजरी

**भोपाल,यशभारत।** फोन पर कोई अज्ञात व्यक्ति आपसे क्रेडिट कार्ड, बैंक खाता, एटीएम कार्ड या अन्य कोई फायनेंसियल जानकारी मांगता है तो उसके साथ अपनी बहुमूल्य जानकारी बिल्कुल भी साझा न करें एवं अपनी स्थानीय बैंक शाखा में जाकर सम्पर्क करें।निम्न बातों का हमेशा ध्यान रखेः- कॉल पर किसी को भी अपनी बैंक खाता, एटीएम एवं क्रेडिट कार्ड से संबंधित कोई भी जानकारी साझा न करें भले ही बैंक वाले आपसे मांग रहे हो। ऑनलाईन यूपीआई के माध्यम से पेमेंट प्राप्त करने हेतु किसी भी प्रकार का ओटीपी अथवा यूपीआई पिन इंटर करने की जरूरत नहीं होती ।ऑनलाईन खरीददारी करते समय सतर्क रहें एवं सायबर ठगों से बचे।ऑनलाईन खरीददारी के लिए ऐसे बैंक खाता का इस्तेमाल करें जिसमें कम बैलेंस हो।किसी भी अननॉन बेवसाईट से कोई




एप्पलीकेशन डाउनलोड न करें।कभी भी किसी के साथ अपना ओपीट/सीवीवी/पासवर्ड/पिन आदि शेयर न करें ।ऑनलाईन अथवा फोन पर दिये गये लॉटरी अथवा फ्री ऑफर के लालच में न पड़े ।किसी अननॉन लिंक पर क्लिक न करें ।केवायसी के नाम पर प्राप्त मैसेज में दिये गये नंबर पर कॉल न करें जानकारी के लिए अपने बैंक में जाकर जानकारी प्राप्त करें। ध्यान रखे रूपये प्राप्त करते वक्त किसी भी प्रकार का पासवर्ड अथवा यूपीआई पिन इंटर करने की जरूरत नहीं पड़ती।व्हाट्सएप पर ऑननान मोबाईल नंबर से वीडियों कॉल रिसीव करते समय अपना चहरा ना दिखाये पहले सामने वाले की पहचान करें कि वह आपका परिचित है अथवा नहीं।अपने पासवर्ड को समय-समय पर बदलते रहें एवं अल्फान्यूमेरिक+स्पेशल करेक्टर का पासवर्ड रखें।बिजली कनेक्शन की कटौती संबंधी मैसेज की पुष्टि पहले बिजली ऑफिस जाकर करें।छोटे-छोटे इन्वेंस्टमेंट वाली बेवसाईट पर इन्वेस्टमेंट करने से बचें।

# कचरा ट्रांसफर स्टेशनों के लिए 20 करोड़ से होगी उपकरणों की खरीदी

**भोपाल, यशभारत।** नगर निगम मुख्यालय में सोमवार को महापौर परिषद के सदस्यों (एमआइसी) की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान नौ प्रस्तावों का स्वीकृत प्रदान की गई। इसमें स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए जा रहे पांच निर्माणाधीन कचरा ट्रांसफर स्टेशनों में मैकेनिकल उपकरण की स्थापना के लिए 20,67,41,664 रुपये खर्च किए जाने की अनुमति दी गई है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत राहुल नगर पार्ट-1 परियोजना में देरी होने पर ठेकेदार मेसर्स सुप्रीम बिल्डकान प्रालि को कार्यपूर्ण करने के लिए एक अक्टूबर 2023 तक की समयावृद्धि दी गई।इधर प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मालीखेड़ी परियोजना के संचालन एवं संधारण के लिए रहवासियों से दो वर्ष की मेंटेनेंस राशि 20,000 रुपये लिए जाने पर भी एमआइसी सदस्यों ने सहमति दी है। जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत रासलाखेड़ी परियोजना को पूर्ण करने के लिए 17 जून 2023 से 16 जून 2024 तक की एक वर्ष की प्रथम समयावृद्धि की स्वीकृति प्रदान की।

पीएम आवास मानपुर परियोजना के रिक्त आरक्षित श्रेणी के आवासों को अनारक्षित श्रेणी में परिवर्तित करने के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी।

**एक वर्ष की प्रथम समयावृद्धि की स्वीकृति प्रदान**

# स्कूल में चाकूबाजी की घटना के बाद डर का माहौल

## अधिकारियों ने दौरा कर किया स्कूल का निरीक्षण

**भोपाल ,यशभारत।** राजधानी के करोंद क्षेत्र स्थित हाउसिंग बोर्ड के शासकीय माध्यमिक स्कूल में बीते शुक्रवार को तीन मनचलों द्वारा शिक्षिका को चाकू से हमला करने की घटना के बाद वहां डर का माहौल है। कल विभागीय अधिकारियों ने स्कूल का दौरा कर निरीक्षण किया। इस घटना के बाद शिक्षिकाएं और छात्राएं घबराई हुई हैं। बच्चों के मन में ऐसा डर था कि सोमवार को करीब 30 प्रतिशत उपस्थिति रही। अभिभावक भी स्कूल पहुंच कर बच्चों की टीसी की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब यहां पर शिक्षिकाएं ही सुरक्षित नहीं हैं तो रहे हैं, तो बच्चे कैसे सुरक्षित रहेंगे। सोमवार को जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) आरके यादव, जनशिक्षक उपेंद्र कौशल सहित अन्य अधिकारियों के साथ स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने स्कूल में जो भी कमियां थी, उसका प्रस्ताव बनाकर उच्च विभागीय अधिकारियों को सौपेंगे।इस दौरान प्रधानाध्यापिका क्रांति बाथम ने अधिकारियों से कहा कि यहां लगातार चोरी की घटनाएं होती रहती हैं। कई बार पुलिस थाना में शिकायत की गई है, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था का कोई इंतजाम नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसी ही व्यवस्था रहती है तो उन्हें भी यहां से मुक्त किया जाए।



### अमर शहीद उधम सिंह, ललित गीतांजलि माकन, मो. रफी,

भोपाल(ईएमएस)। अमर शहीद उधम सिंह का 83 वां, ललित गीतांजलि माकन का 38 वां बलिदान दिवस, गायक मो. रफी की 43 वीं पुण्यतिथि और मुंशी प्रेमचंद की 143 वीं जयंती पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेसजनों ने इन चारों महान विभूतियों विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया तथा संक्षिप्त प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रकाश जैन, राजकुमार पटेल, वकील खान, मुईनउद्दीन सिद्धीकी, सै. मुज्जफर अली सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी




**भोपाल,यशभारत।** आमजन की शिकायतों का त्वरित निराकरण कर उन्हें लाभ देने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सेवा 181 पर ही शिकायतों का समय पर निराकरण नहीं किया जा रहा है। इसी वजह से यहां पर दर्ज कराई जाने वाली शिकायतों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है।अब भी मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर 16 हजार 817 शिकायतें लंबित हैं, जिनका निराकरण करने में विभागीय अधिकारी पीछे रह गए हैं। कलेक्ट्रेट में सोमवार को हुई समय - सीमा (टीएल) बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर आने वाली विभागवार शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिकायतों का प्रमुखता से गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें, जिससे जिले की ग्रेडिंग में सुधार हो सके। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज सिंह, एडीएम, एसडीएम सहित जिले के अन्य अधिकारी भी उपस्थति थे।

जुलाई महीने में प्राप्त हुई 15 हजार 487 शिकायतें

**नापाक इरादे** | अपहृत नाबालिग बच्ची को पुलिस ने दस्तयाब कर किया परिजन के सुपुर्द

# नाबालिग बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को बैरागढ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भोपाल यशभारत। शहर में महिला संबंधी अपराधो पर नियंत्रण रखने तथा महिला संबंधी मामलो मे त्वरित कार्यवाही कर आरोपी की गिरफ्तारी करने हेतु पुलिस आयुक्त नगरीय भोपाल श्री हरिनारायणाचारी मिश्र एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अवधेश गोस्वामी द्वारा निर्देशित किया गया है।**

उक्त निर्देशों के अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त जोन - 04 भोपाल विजय कुमार खत्री, अति. पुलिस उपायुक्त जोन-04 श्री महावीर सिह मुजाल्दे व सहायक पुलिस आयुक्त अनुभाग बैरागढ श्री अंतिमा समाधिया द्वारा दिए गए दिशा निर्देशानुसार, थाना प्रभारी बैरागढ निरीक्षक डी.पी. सिह और उनकी टीम ने पीडित नाबालिग बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी मोहन कुशवाह को टीम द्वारा दबिश देकर गिरफ्तार कर अभिरक्षा मे



लिया गया व विधि सम्मत कार्यवाही की गई।

25 जुलाई को पीडिता के पिता थाना बैरागढ उपस्थित आकर रिपोर्ट किया कि उसकी नाबालिग बच्ची को अज्ञात लडके द्वारा बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया है मामला नबालिग बच्ची का होने से तत्काल अपराध पंजीबद्ध किया जाकर वरिष्ठ अधिकारियो को सूचना दी गई। प्रकरण नाबालिग बच्ची के अपहरण संबंधी का होने से मामले की गंभीरता को लेते हुये टीमे गठित कर तत्काल अपहृत बालिका की तलाश पतारसी प्रारंभ की गई दौराने तलाश सूचना मिली कि अपहृत बालिका का अपहरण करने वाला आरोपी भोपाल से भागकर छिंदवाडा मे छिपकर रह रहा है की सूचना पर टीम को तत्काल छिंदवाडा रवाना किया गया जहाँ पर आरोपी मोहन कुशवाह के कब्जे से तथा अपहृत बालिका को छुडाकर दस्तयाब किया गया तथा अपहृत बालिका को साथ व आरोपी को साथ लेकर बैरागढ आकर पीडिता का अस्पताल से मेडिकल परीक्षण कराया गया जो तत्पश्चात विधिसम्मत मामले मे धारा 366,376,376(2)(एन) भादवि 3/4 पाक्सो एक्ट का ईजाफा कर मामले मे आरोपी मोहन कुशवाह पिता डालचंद कुशवाह उम्र 19 साल निवासी बोरबन बैरागढ भोपाल को गिरफ्तार किया गया है जिसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है गिरफ्तार आरोपी- 1. मोहन कुशवाह पिता डालचंद कुशवाह उम्र 19 साल निवासी बोरबन बैरागढ भोपालउक्त कार्रवाई में बैरागढ थाना प्रभारी निरीक्षक डी.पी.सिह, उनि प्रभावती शर्मा, सउनि प्रवीण सिह,प्र.आर.मनीष,आर. आशीष,म.आर. रीना,शीला ने सराहनीय भूमिका निभाई है।



# चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने फरियादी को एंबुलेंस से पहुंचाया अस्पताल

भोपाल (ईएमएस)। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया। मंत्री सारंग ने ना केवल उसके निःशुल्क उपचार की व्यवस्था की बल्कि स्वयं अपने निवास पर एंबुलेंस बुलाकर अस्पताल के लिये रवाना किया। इस दौरान मंत्री सारंग ने अपनी ओर से आर्थिक सहायता भी प्रदान की। उल्लेखनीय है कि मंत्री सारंग के निवास पर प्रतिदिन जनदर्शन होता है। जिसमें वे नागरिकों की समस्याओं का तत्काल समाधान करते हैं। यहां भोपाल के साथ ही प्रदेश के अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचते हैं। बरेली जिला रायसेन निवासी प्रेम नारायण कुछ दिनों पहले एक दुर्घटना का शिकार हो गये थे जिसमें उनके बाये पैर में गंभीर रूप से फ्रेक्चर हो गया था। आर्थिक रूप से कमजोर होने के चलते वे उसका इलाज करवाने में असमर्थ थे। जिसके बाद वे अपनी समस्या को लेकर मंत्री सारंग के निवास पर पहुंचे।

**- जनदर्शन में हर दिन नागरिकों की समस्याओं का समाधान कर रहे मंत्री**

# बांधवगढ़ ने मध्यप्रदेश को फिर दिलाया टाइगर स्टेट का दर्जा

## देश में सबसे ज्यादा बाघ मध्यप्रदेश में तो प्रदेश में सबसे ज्यादा बांधवगढ़ में मिले

**कटनी/बरही यशभारत।** बीते 29 जुलाई को राज्य वार बाघों की गणना के आंकड़े जारी किए गये हैं जिनमें देश में सबसे ज्यादा 785 बाघ मध्यप्रदेश में पाए गए हैं। अगर मध्यप्रदेश की बात करें तो पेंच, पन्ना और कान्हा नेशनल पार्क से भी आगे बांधवगढ़ नेशनल पार्क रहा जहां 2022 की गणना में 165 बाघ मिले हैं। पिछली बार टाईगर स्टेट का दर्जा पाने मध्यप्रदेश को कर्नाटक स्टेट से कड़ा मुकाबला करना पड़ा था। हालांकि तब भी मध्यप्रदेश में 526 तो कर्नाटक में 524 बाघ मिले थे। दो बाघ ज्यादा होने के कारण पिछली बार भी मध्यप्रदेश को टाईगर स्टेट कहलाने का गौरव हासिल हुआ था। इस बार भी दूसरे नम्बर पर कर्नाटक ही रह पर इस बार वह मध्यप्रदेश से बहुत पीछे है। कर्नाटक में कुल 563 बाघ पाये गए हैं जबकि मध्यप्रदेश में यह संख्या 785 पहुंच गई है। बाघों की संख्या में वृद्धि का अनुपात भी मध्यप्रदेश में ज्यादा रहा। प्रदेश में जहां चार साल में 259 बाघों के इजाफा हुआ है वहीं कर्नाटक में इसी अवधि में 39 बाघ बढ़े हैं। जारी गणना के मुताबिक देश में सबसे ज्यादा 785 बाघों के साथ मध्यप्रदेश पहले नम्बर पर है तो 563 बाघों के साथ कर्नाटक दूसरे और 560 बाघों के साथ उत्तराखंड तीसरे नम्बर पर रह। महाराष्ट्र के ताडोबा सहित अन्य पार्को में कुल 444 बाघ मिले हैं। किसी एक नेशनल पार्क की बात करें तो सबसे ज्यादा 260 बाघ उत्तराखंड के जिम कार्बेट में पाये गए दूसरे नम्बर पर 165 बाघों के साथ बांधवगढ़ रहा। मध्यप्रदेश के हिसाब से देखें तो सबसे टॉप पर बांधवगढ़ रहा। 129 बाघों के साथ कान्हा दूसरे और 123 बाघों के साथ पेंच तीसरे स्थान पर रहा। पन्ना टाईगर रिजर्व में 64 सतपुड़ा में 62 और संजय दुबरी अभ्यारण में 20 बाघ होने की पुष्टि हुई है। उल्लेखनीय है कि 2018 की गणना में देश में बाघों की कुल संख्या 2967 थी जबकि 2022 की गणना में देश में कुल 3167 बाघ मिले हैं जो पूरी दुनिया का 75 फीसदी है याने पूरे विश्व में 75 फीसदी बाघ भारत मे हैं। मध्यप्रदेश में पिछले 4 सालों में बाघों का कुनबा तेजी से बढ़ा है। 259 बाघों की वृद्धि के साथ हम 526 से 785 तक पहुंच गए जबकि इस दौरान शिकार और आपसी संघर्ष के कारण आधा सैकड़ा से अधिक बाघों की मौत भी हुई है। मध्यप्रदेश का बांधवगढ़ पार्क कटनी जिले के बरही वन परिक्षेत्र से जुड़ा हुआ है। बरही के ग्राम खितौली कुआं करेला झिरिया कुठिया महगवां करौंदी कला करौंदी खुर्द बरेला सलैया सीहोरा बफरजोन के अंतर्गत आने वाले ग्राम जजागढ़ सहित ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र में बाघों का मूवमेंट बढ़ा है। कई बार ग्रामीण तो कई बार पालतू मवेशी बाघों के हमले का शिकार हुए हैं बावजूद इसके यहां लोग बाघ को नुकसान पहुंचाने से बचते हैं। सुरक्षा के वातावरण एवं अनुकूल परिस्थितियों के कारण बांधवगढ़ नेशनल पार्क सहित पूरे प्रदेश में बाघों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा जिसके चलते पिछले कई सालों से मध्यप्रदेश को टाईगर स्टेट का दर्जा मिलता चला आ रहा। प्रदेश को टाईगर स्टेट का दर्जा दिलाने में बांधवगढ़ का हर बार अहम योगदान रहा। इस बार भी बांधवगढ़ के 165 बाघों ने मध्यप्रदेश को एक बार फिर टाईगर स्टेट का गौरव दिलाया है। बांधवगढ़ के टाईगर अब पार्क की सीमा तक ही सीमित नहीं रहे। बरही के एक दर्जन से भी अधिक ग्रामों तक उनका मूवमेंट फैला हुआ है। हाल ही में तारा नाम की एक बाघिन अपने तीन शावकों के साथ बरही के जंगलों में देखी गई है।



### पहले सफेद बाघ मोहन के भी यहीं हुए थे दीदार

बांधवगढ के जंगलों में सभी तरह के वन्यजीव बहुतायत में पाए जाते थे एशियाई बाघों के तो यह गढ़ ही था। इसी विशेषता के कारण 1968 में इसे राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था। रीवा राज के महाराजा मार्तण्ड सिंह को पहला सफेद बाघ बांधवगढ के जंगलों में ही मिला था। एक बाघिन के साथ 3 शावक देखे गए थे जिनमें दो सफेद धारी वाले थे। इन दोनों शावकों को महाराजा मार्तण्ड सिंह अपने साथ ले गए। संभवतः दो शावकों में से बाद में एक की मौत हो गई थी। दूसरा जीवित बच गया था जिसका नाम महाराजा ने मोहन रखा था। आज दुनिया भर में जितने भी सफेद बाघ हैं, वे सब इस मोहन के ही वंशज हैं। बांधवगढ की एक बाघिन सीता भी काफी प्रसिद्ध रही। पर्यटकों के कैमरों में सबसे ज्यादा तस्वीरें इसी बाघिन की हुआ करती थी। इसका नाम फोटोशूट के लिए बढ़िया पोज देने वाली बाघिन के रूप में रिकार्ड में दर्ज है। सीता का समकालीन बाघ चार्जर भी काफी प्रसिद्ध था। इन दोनों से अनेक शावक बांधवगढ को मिले हैं। वर्तमान बांधवगढ का सबसे शक्तिशाली माना जाने वाला बाघ बमोडा भी चार्जर का ही वंशज है।

## » न्यूज गैलरी

### भारतीय वायु सेना अग्निवीर के लिये आवेदन ऑनलाइन प्रारंभ

**कटनी,यशभारत।** भारतीय वायु सेना ( अग्निवीर ) के लिये 27 जुलाई से ऑनलाइन आवेदन किये जावेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 17 अगस्त 2023 है, ऑनलाइन परीक्षा दिनांक 13 अक्टूबर 2023 को होगी। इच्छुक आवेदक फ्त् ब्वकम वेबसाइट पर जाकर भर्ती से सबंधित विवरण देख सकते है एवं अपना पंजीयन करा सकते है। उन्होंने बताया कि ऐसे युवा जिनका जन्म दिनांक 27 जून 2003 से 27 दिसम्बर 2006 के मध्य है, वह आवेदक ऑनलाइन आवेदन करने के पात्र होंगे। शैक्षणिक योग्यता संबंधी जानकारी विज्ञापन या भारतीय वायु सेना भर्ती संबंधित जानकारी क्यूआर कोड/ वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है एवं सबंधित लिंक एम. पी. रोजगार पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

### भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के लिए जा रहे आवेदन

**कटनी,यशभारत।** मध्य प्रदेश आदिवासी वित्त एवं विकास निगम भोपाल द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगारों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए दो स्वरोजगार योजनायें प्रारंभ की गई है। कटनी जिले में इन योजनाओं का कियान्वयन किया जा रहा है। योजनाओं के तहत् शर्ते व पात्रता भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजनारू- इस योजना के तहत् आवेदक कक्षा 8 वीं पास हो, अनुसूचित जनजाति वर्ग का हो एवं आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो। योजना के तहत् रू0 1 लाख से रू0 50 लाख तक उद्योग इकाई के लिए तथा सेवा एवं खुदरा व्यवसाय की परियोजना हेतु रूपये 1 लाख से 25 लाख तक का ऋण बैंक के माध्यम से दिया जावेगा। परियोजना लागत पर म0प्र0 शासन द्वारा 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान एवं नियमानुसार गारंटी फीस दी जावेगी। परिवार की वार्षिक आय रूपये 12.00 लाख से अधिक नही होनी चाहिये। टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना रू- इस योजना के तहत् 18 से 55 वर्ष तक की आयु के अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगारों को रूपये 10 हजार से रूपये 1 लाख तक का ऋण बैंक के माध्यम से दिया जावेगा। योजना के तहत आवेदक को प्रतिशत ब्याज अनुदान एवं शासन द्वारा नियमानुसार गारंटी फीस दी जावेगी। उन्होंने बताया कि उपरोक्त योजनाओं के तहत् हितग्राहियों के ऋण आवेदन-पत्र पोर्टलें पद पर स्वीकार किये जावेगें विस्तृत जानकारी के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कटनी के कार्यालय में संचालित म0प्र0 आदिवासी वित्त एवं विकास निगम कटनी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।



## स्वास्थ्य मंत्री ने जाना कैमोर में स्वास्थ्य सेवाओं का हाल

### वीडियो कॉल पर की डाक्टर और रोगियों से बातचीत

**कैमोर,यशभारत।** मध्यप्रदेश शासन के स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी ने बीते 31 जुलाई को वीडियो कॉल कर कैमोर में संचालित शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी डॉ मोहिता दीक्षित से चर्चा कर स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं एवं संसाधनों का हाल जाना। स्वास्थ्य मंत्री श्री चौधरी ने स्वास्थ्य केंद में भर्ती तथा इलाज कराने आये लोगो से भी बातचीत कर स्वास्थ्य केंद्र में मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य मंत्री ने सबसे पहले स्वास्थ्य केंद्र के दर्जे की जानकारी ली। यह बताए जाने पर की यह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कैमोर जिला कटनी है उन्होंने डॉ से उनका नाम और पद भी जानना चाहा। स्वास्थ्य मंत्री से बात कर रहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी डॉ मोहिता दीक्षित ने उन्हें केंद्र में पदस्थ चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ की जानकारी दी। पूंछे जाने पर दवाओं की उपलब्धता के बारे में भी बताया। डॉ मोहिता दीक्षित ने स्वास्थ्य मंत्री को बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नार्मल प्रसव के लिए पर्याप्त सुविधा है। जुलाई माह में ही 44 प्रसव सुरक्षित कराये गये हैं। लैब जांच के बारे में पूंछे जाने पर डॉ मोहिता द्वारा बताया गया कि सेम्पल लेकर जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयराघवगढ़ भेजे जाते हैं। उल्टी-दस्त या सामान्य रोग से पीड़ित रोगियों का उपचार केंद्र में ही हो जाता है पर गंभीर रोगियों को नियमानुसार विजयराघवगढ़ या जिला मुख्यालय कटनी के जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया जाता है। बातचीत के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य केंद में भर्ती रोगियों से बात करने की इच्छा जताई जिस पर डॉ. मोहिता ने प्रसूति वार्ड में भर्ती एक महिला से स्वास्थ्य मंत्री की बात कराई। डॉ मोहिता ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं के हिसाब से यहां दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं पर मंत्री जी ने संतोष जताया है साथ ही विभाग के उच्चाधिकारियों से चर्चा कर यहां संसाधन बढ़ाये जाने का भरोसा भी दिलाया है।

#### अयोध्या में राम मंदिर के भूमिपूजन के वार्षिकोत्सव पर आयोजन

## रामभक्त 5 को निकालेंगे विशाल ध्वज यात्रा



**कटनी,यशभारत।** अयोध्या धाम में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मभूमि पर बन रहे भव्य राम मंदिर के पूजन के पावन वार्षिकोत्सव के अवसर पर रामभक्तों एवं धर्मानुरागी बन्धुओं द्वारा एक विशाल ध्वज यात्रा आगामी 5 अगस्त दिन शनिवार को निकली जायेगी। यह ध्वज यात्रा सुबह 10 बजे स्टेशन रोड स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से शुरू होकर हनुमान मंदिर बरगवां में समाप्त होगी। 5 अगस्त को ही शाम 4 बजे से 501 सुंदर कांड की संगीतमयी प्रस्तुति होगी साथ ही अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर के स्वरूप का पूजन होगा। संध्या काल 8 बजे से महा आरती और उसके बाद प्रसाद वितरण होगा। भरभरा आश्रम के पूज्य संत बनवारी दास महाराज एवं देवरिकला हनुमत कुटी के पूज्य संत सुरेंद्र दास महाराज के पावन सानिध्य में यह कार्यक्रम सम्पन्न होगा। सभी धर्मप्रेमी बहिनों एवं भाइयों से ध्वज यात्रा तथा सूंदर कांड में उपस्थिति का आग्रह आयोजन समिति द्वारा किया गया है।

**कलेक्टर के निर्देश पर होगा सुदूर सड़कों का निर्माण**

## सड़कों में सुधार से सुगम होगा आवागमन

### सीईओ श्री गेमावत ने अनुमति प्रदान कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण के अधिकारियों दिए निर्देश




**कटनी,यशभारत।** ग्रामीणों के आवागमन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विधायक मुड़वारा श्री संदीप जायसवाल की अनुशंसा और कलेक्टर श्री अवि प्रसाद के निर्देश पर जिला पंचायत के सीईओ एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक श्री शिशिर गेमावत ने जनपद पंचायत कटनी में तीन सुदूर सड़कों के निर्माण की अनुमति प्रदान की है। सुदूर सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों की आवाजाही सुगम होने के साथ.साथ स्थानीय जनों को रोजगार मिलने से श्रमिक नियोजन में वृद्धि होगी। आपको बता दें कि मनरेगा योजना के अंतर्गत विकासखंड कटनी की ग्राम पंचायत लखापतेरीए पडुआ और पठरा में प्रत्येक सड़क 13.13 लाख की लागत से कुल तीन सुदूर सड़कों का निर्माण कार्य कराया जाएगा। सीईओ श्री गेमावत ने जनपद पंचायत कटनी के सीईओ और सहायक यंत्री को पत्र लिखकर स्थल परीक्षण और आवश्यकता के अनुसार आवश्यक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं। जिला सीईओ ने निर्धारित समय सीमा में तय मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण सुदूर सड़कों का निर्माण किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

# मुकुन्दपुर सफारी एवं पूर्वाफॉल का भ्रमण




**कटनी,यशभारत।** कटनी। शहर के युवाओं को अपने ट्रेकिंग अभियानों के माध्यम से प्रकृति से जोड़ने एवं भ्रमण द्वारा अपनी विरासत से परिचित कराने के उद्देश्य से यूथ हॉस्टल्स कटनी जिला इकाई का एक दिवसीय पूर्वा फॉल एवं मुकुन्दपुर व्हाईट टाईगर सफारी का ट्रेकिंग-ट्रेनिंग अभियान विगत दिवस साआनंद संपन्न हुआ। ये अभियान राज्य शाखा के गोल्डन जुबली एवं इकाई की सिल्वर जुबली वर्ष के अंतर्गत किया गया था। इसमें 61 सदस्य शामिल थे, अभियान का नेतृत्व राज्य उपाध्यक्ष व इकाई चेयरमैन गोपाल शर्मा, अभियान प्रभारी रानू जैन, शैलेन्द्र जैन, इकाई उपाध्यक्ष श्रीराम कुदरहा, सतीश बजाज, श्रीमती मीना शर्मा, सतीश सोनी द्वारा किया गया। दल स्पेशल बसों से सुबह 7.30 बजे अपने गंतव्य को रवाना हुआ एवं 11 बजे पूर्वा वॉटर फॉल की सुंदरता एवं विशालता सभी को मोहित कर रही थी। वहां के खूबसूरत नजारों ने सभी की यात्रा की थकान को दूर कर दिया। सभी ने यहां के खूबसूरत पलों को अपने कैमरों में कैद रि लिया। यहां 75 मिनिट विश्राम पश्चात् दल रीवा जिले की प्रसिद्ध व्हाईट टाईगर सफारी के लिए प्रस्थान कर दिया। करीब 2 बजे दोपहर मुकुन्दपुर में पहुंचकर सभी ने दोपहर भोजन ग्रहण किया। तत्पश्चात् सभी ने संपूर्ण टाईगर सफारी में पैदल भ्रमण कर वहां पर रखे गये विभिन्न प्रजाति के जानवरों को देखा। गर्मी के कारण व्हाईट टाईगर सफारी 2 बजे के बाद बंदकर दी गई थी क्योंकि सफेद शेर कही छुप गया था। लेकिन सफारी में मौजूद अन्य जानवरों ने उस कमी को पूरा कर दिया था। शाम 5 बजे सभी सफारी के बाहर आ गये थे। अभियान पूरा करने पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। इस दौरान 2 प्रतिभागियों श्रीमती रोशनी सोनी एवं पायल फब्यानी का जन्मदिन होने के कारण केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया गया। सभी ने उन्हें शुभकामनाएं दी एवं संस्था की तरफसे दोनों को जन्मदिन का उपहार दिया गया जिसे संस्था की आजीवन सदस्य, मीना शर्मा, अलका सरावगी, सुनीता चतुर्वेदी, नीरा गोयनका, शालिनी जैन, निशा बजाज एवं रश्मि केजरीवाल द्वारा प्रदान किया गया। प्रमोद जैन द्वारा मनोरंजन के लिए साउंड सिस्टम का इंतजाम किया गया था तो समापन के पूर्व आयुषी विश्वास एवं निशा हरचल द्वारा डांस की एकल प्रस्तुति एवं अन्य सदस्यों द्वारा गरबा नृत्य एवं सिंधी गानों पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत करके सभी का भरपूर मनोरंजन किया गया। इस प्रस्तुति को देखने सफारी के आये सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे। पूरे अभियान को सफल बनाने में संजय शर्मा, सुशील कुशवाहा, प्रमोद जैन, सतीश सोनी, करण बजाज, अमन गोयनका, पं. विजय प्रकाश मिश्रा बस सर्विस का विशेष योगदान रहा। अभियान पूरा करने पर इकाई अध्यक्ष पंचम जैन, उपाध्यक्ष अमित सिंघई, सचिव वीरेन्द्र सिंह, श्रीप्रकाश जायसवाल, डॉ. आर. पी. पाण्डे, सचिन जैन, मनीष जैन, अमित जैन के सभी प्रतिभागियों को बधाई दी है। अभियान प्रभारी रानू जैन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है।



## 90.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

### गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष हुई 85.0 मिलीमीटर अधिक बारिश दर्ज

**कटनी,यशभारत।** कटनी जिले में इस वर्ष 1 जून से 30 जुलाई की प्रातः तक की अवधि तक कुल 390.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि बीते वर्ष इसी अवधि के दौरान 305.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल पिछले वर्ष की तुलना में 85.0 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल अलोच्य अवधि तक वर्षा मापी केंद्र कटनी में 346.0 मिलीमीटर रीठी में 468.5 मिली मीटर बड़वारा में 333.0 मिलीमीटर बरही में 309.0 मिलीमीटर, विजयराघवगढ़ में 246.7 मिलीमीटर बहोरीबंद में 295.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसी प्रकार स्लीमनाबाद में 643.1 मिलीमीटर एवं ढीमरखेड़ा में 479.0 मिलीमीटर वास्तविक वर्षा दर्ज की गई।

**अभिनंदन**



कटनी,यशभारत। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का कटनी जिले के बरही में आगमन पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्प हार से स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक संजय पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन, संजय वेंकू चौदहा, पावस अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष मनीष दुबे, मंडल उपाध्यक्ष संकल्प अग्रवाल, मंडल उपाध्यक्ष अभिषेक शर्मा एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अब राशन लेने सुदूर गांव नहीं जाएंगे गरीब परिवार

### घंटों भटकने से ग्रामीणों को मिला छुटकारा, महिला स्व सहायता समूहों को मिला काम

**कटनी,यशभारत।** जिले के प्रत्येक गरीब परिवारों को शासन द्वारा प्रदत्त खाद्यान्न समय पर और बिना किसी असुविधा के मिल सके, इसको लेकर कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे परिवारों की सुविधा को देखते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा कार्यभार संभालने के बाद से ही न सिर्फ राशन दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया बल्कि उनमें सुधार लाने के लिए लगातार आवश्यक कार्यवाहियां भी की गई। इसके साथ ही साथ हितग्राहियों को खाद्यान्न लेने के लिए गांव से दूर न जाना पड़े इसके लिए जिले के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय उचित मूल्य की नवीन दुकानें स्थापित कराई गई। जिसका सीधा लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। जिला प्रशासन की इस सार्थक पहल से ग्रामीणों में जहां संतोष और प्रसन्नता के भाव स्पष्ट दिख रहे हैं। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिले में करीब दो दर्जन से अधिक शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन का जिम्मा महिला स्व सहायता समूहों को सौंपा गया है। वर्तमान में जिले में 29 शासकीय उचित मूल्य की दुकान का संचालन महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से किया जा रहा है। जिनमें से 24 दुकानें कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा नवीन स्थल पर आबंटित कराकर संचालित कराई जा रही है। गरीब परिवारों को शासन द्वारा प्रदत्त खाद्यान्न पाने के लिए आसपास के गांव न भटकना पड़े और आसानी से उन्हें समय पर राशन उपलब्ध हो जाए इसके मद्देनजर 24 नई शासकीय उचित मूल्य की दुकानें शासन स्तर पर कार्यवाही कराकर प्रारंभ कराई गई हैं। जिनमें बड़वारा विकासखंड के ग्राम गुडाकला, बरही विकासखंड के ग्राम बिचपुरा, कुआं, करेला, जगुआ, बगदरा, सिरोंजा गडरिया, लुरमी, रीठी विकासखंड के ग्राम नयाखेड़ा, कैना, बरयारपुर, बांधा, घिनौंची, सिमरा नंबर 1, बडगांव, सिमझरी, विजयराघवगढ़ के ग्राम चोरी, खिरवा नंबर 2, कटनी ग्रामीण के मतवार पड़रिया, सरस्वाही, पटवारा, कूड़ो, टेढ़ी, गैतरा और जुहली के नवीन दुकानें स्थापित कराई गई हैं। जिनमें से सभी का संचालन महिला स्व सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है।

#### हितग्राहियों को मिला असुविधा से छुटकारा

उल्लेखनीय है कि कटनी जिले में 477 शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से गरीब परिवारों को राशन का वितरण किया जा रहा है। जिनमें 226030 परिवारों के 896879 सदस्यों को गेंहू, चावल, नमक और शक्कर प्रदत्त की जाती है। प्रति माह 1623 मैट्रिक टन गेंहू, 2479 मैट्रिक टन चावल, 184 मैट्रिक टन नमक और 8 मैट्रिक टन शक्कर का वितरण इन दुकानों के माध्यम से किया जाता है। सुदूर ग्रामों में नवीन दुकानों की स्थापना से ग्रामीणों को अब दूर गांव राशन लेने जाने और घंटों लाइन लगाने की असुविधा से छुटकारा मिला है। सरस्वाही के राजेश चौधरी, दीपक और जनक दुलारी यादव ने बताया कि कलेक्टर श्री प्रसाद के प्रयास से उन्हें इस तकलीफसे छुटकारा मिला है तो वहीं ग्राम जुहला की कीर्ति, घिनौची के दुलारे आदि ने भी कलेक्टर श्री प्रसाद और जिला प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है। शासन द्वारा गरीब परिवारों को प्रदान किए जाने वाले राशन के वितरण में किसी भी प्रकार की कोताही और अनियमितता न हो, इसको लेकर कलेक्टर श्री प्रसाद सजगता से स्वयं इसकी समय समय पर मॉनिटरिंग कर रहे हैं, साथ ही अनियमितता बरतने वाले राशन दुकान संचालकों, सेल्समैन से लेकर संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों पर निरंतर कड़ी कार्यवाही भी की जा रही है। पिछले दिनों भ्रमण कार्यक्रम दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद ग्राम सरस्वाही पहुंचे, जहां उन्होंने न सिर्फ राशन दुकान का मुआयना किया बल्कि स्वयं हितग्राहियों से मिलकर खाद्यान्न वितरण के संबंध में उनसे जानकारी भी ली।

# भारत ने वेस्टइंडीज को 200 रनों से रौंदा



नई दिल्ली, एजेंसी। तीसरे और आखिरी वनडे में भारत ने मेजबान वेस्टइंडीज को 200 रनों से मात देकर सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली है. 85 रन बनाने वाले शुभमन गिल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. वेस्टइंडीज दौरे पर गई टीम इंडिया ने वनडे सीरीज में मेजबान को 2-1 से हराकर सीरीज अपने नाम कर ली है. त्रिनीदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए इस मैच में भातर को पहले बैटिंग का निमंत्रण मिला था, जिसमें भारत की युवा ब्रिगेड ने 351 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया. विंडीज की टीम इसके जवाब में सिर्फ 151 रनों पर ढेर हो गई. इस सीरीज में टीम इंडिया अपने सीनियर खिलाड़ियों के बगैर ही आगे बढ़ी. कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अंतिम दोनों मैच नहीं खेले थे।

### शुभमन गिल शतक से चूके

कप्तान पांड्या की तूफानी पारी, भारत ने वेस्टइंडीज को दिया 352 रनों का लक्ष्य

ईशान किशन ने लगातार तीसरा अर्धशतक जड़ रचा इतिहास, एमएस धोनी के रिकॉर्ड की बराबरी की इस बीच युवा विकेटकीपर ईशान किशन (77) ने यहां मिले मौके का पूरा फायदा उठाते हुए अपनी बेहतरीन फॉर्म को जारी रखा और लगातार तीसरा वनडे अर्धशतक अपने नाम किया. उनके ओपनिंग जोड़ीदार शुभमन गिल (85) यहां शतक बनाने से चूक गए. इसके अलावा संजू सैमसन (51) ने भी बेहतरीन फिफ्टी जमाई और इसके अलावा कप्तान हार्दिक पांड्या ने 52 बॉल में नाबाद 70 और सूर्यकुमार यादव (35) रनों की बदौलत भारत ने यह विशाल स्कोर खड़ा किया. गिल को शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब मिला, जबकि ईशान प्लेयर ऑफ द सीरीज बने.

जब भारतीय बल्लेबाज लय में आ गए तो गेंदबाज भला कैसे पीछे रह सकते थे. युवा तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने पारी के पहले ही ओवर से वेस्टइंडीज पर तीखा हमला बोल दिया और सिर्फ 17 रन पर उसे 3 झटके दिए. पहले 3 विकेट मुकेश ने ही अपने नाम किए, जिसमें उन्होंने ब्रैंडन किंग (0), कायल मायर्स (4) और कप्तान शाई होप (5) को अपना शिकार बनाया.

पिछले मैच में नाबाद 48 रन बनाने वाले केयसी कार्टी (6) को जयदेव उनादकट ने आउट किया. इसके बाद शार्दुल ठाकुर ने उसे 4 झटके दिए. नंबर 3 पर खेल रहे एलिक एंथनीज (32) 6 विकेट गिरने तक भी अपना छोर संभाला रखा था, लेकिन जब टीम के बल्लेबाजों से उन्हें ज्यादा साथ नहीं मिला तो कुलदीप यादव की गेंद पर वह भी बोल्ड हो गए. कुलदीप ने कुल 2 शिकार अपने नाम किए. इससे पहले टॉस हारकर पहले बैटिंग पर उतरी टीम इंडिया को ईशान किशन और शुभमन गिल की जोड़ी ने शतकीय साझेदारी कर मजबूत स्थिति में बना दिया. 143 के कुल स्कोर पर ईशान किशन (77 रन, 4म8, 6म3) आउट हुए तो इस सीरीज में पहली बार खेल रहे रुतुराज गायकवाड़ (8) सस्ते में अल्जारी जोसेफ का शिकार हो गए. इसके बाद संजू सैमसन (51 रन, 4म2, 6म4) गिल का साथ निभाने आए और उन्होंने 2 चौके और 4 छक्कों की मदद से 51 रन बनाए. वह रोमारियो शेफर्ड का शिकार बने. अपने शतक की ओर बढ़ रहे शुभमन गिल (85 रन, 4म11) के निजी स्कोर पर आउट हुए. इसके बाद कप्तान हार्दिक पांड्या और सूर्याकुमार ने भारत को 300 पार पहुंचा दिया. हार्दिक पांड्या (70* रन, 4म4, 6म5) अंत तक नाबाद रहे और उन्होंने टीम का स्कोर 350 पार कराकर विंडीज के सामने 352 रनों की विशाल चुनौती खड़ी की थी. अब दोनों टीमें गुरुवार से 5 मैचों की टी20 सीरीज में आमने-सामने होंगी।

# बुमराह को हुआ क्या है, वर्ल्ड कप में नहीं खेले तो...

## कपिल देव ने पेसर पर उठाए सवाल, BCCI को भी लपेटा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत को 1983 में पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बनाने वाले कप्तान कपिल देव इन दिनों अपने बयानों को लेकर चर्चा में हैं. वो टीम इंडिया को घेरने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे और साथ ही बीसीसीआई पर भी सवाल उठाने से नहीं चूक रहे. वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनजे में टीम इंडिया की लचर बल्लेबाजी पर भी कपिल ने सवाल उठाए थे. मुख्य खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण बड़े आईसीसी टूर्नामेंट में भारत के प्रदर्शन पर असर पड़ने को लेकर भी कपिल ने अपनी बात रखी थी. उन्होंने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि खिलाड़ी छोटी-मोटी चोट के साथ आईपीएल तो खेल लेते हैं लेकिन जब नेशनल टीम के लिए ऐसा करने की बात आती है तो वो बाहर बैठना पसंद करते हैं. कपिल देव ने इसी इंटरव्यू के दौरान स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण बीते 1 साल से टीम इंडिया से बाहर चल रहे पेसर जसप्रीत बुमराह की फिटनेस पर भी सवाल उठाए. उन्होंने द वीक को दिए इंटरव्यू में बुमराह की प्रोगेस को लेकर कहा, बुमराह को क्या हुआ है? उन्होंने बहुत विश्वास के साथ काम करना शुरू किया था लेकिन अगर वो वहां (विश्व कप सेमीफाइनल या फाइनल में) नहीं हैं तो हमने उनके ऊपर वक्त बर्बाद किया है. ऋषभ पंत..इतने अच्छे क्रिकेटर हैं. अगर वो टीम में रहते तो हमारा टेस्ट क्रिकेट अच्छा होता. बता दें कि दो महीने बाद विश्व कप है और ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल श्रेयस अय्यर जैसे अहम खिलाड़ी चोट के बाद अपना रिहैब पूरा करके टीम में वापसी की कोशिशों में जुटे हैं. कपिल देव ने इंटरनेशनल क्रिकेट पर इंडियन प्रीमियर लीग को प्राथमिकता देने के भारतीय खिलाड़ियों के रवैये की आलोचना की. उन्होंने कहा, च्भगवान दयालु हैं, ऐसा नहीं है कि मैं कभी घायल नहीं हुआ. लेकिन आज, वे साल में 10 महीने खेल रहे हैं. ऐसे में भारतीय खिलाड़ियों को संदेह का लाभ दिया जाना चाहिए लेकिन हर किसी को अपना ख्याल रखना होगा. आईपीएल बहुत अच्छी चीज है लेकिन ये आपको बर्बाद भी कर सकता है. मामूली चोट के साथ आप आईपीएल में खेलेंगे लेकिन जब भारत के लिए ऐसा करने की बारी आएगी तो आप ब्रेक ले लेंगे. मेरी इसे लेकर सोच साफ है।

# दूसरे वनडे में नहीं चला तो हुआ ट्रोल, अब भारत के चहेते ने की फॉर्म में वापसी, वर्ल्ड कप में मिल सकता है संतू को मौका!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीसरा वनडे त्रिनिदाद में खेला गया. इस मुकाबले में टीम इंडिया ने बेहतरीन जीत दर्ज की. पिछले मैच में फ्लॉप होने वाले खिलाड़ी संजू सैमसन का भी इस मैच में बल्ला चला. उन्होंने अर्धशतकीय पारी खेली. सैमसन कुल 51 रन बनाए. संजू ने इस शानदार पारी के बाद वर्ल्ड कप टीम में भी शामिल होने की दावेदारी पेश कर दी है. ऋतुराज गायकवाड़ के आउट होने के बाद संजू सैमसन बैटिंग करने उतरे. 41 गेंदों का सामना करते हुए उन्होंने 51 रन बनाए. संजू ने अपनी पारी के दौरान 4 छक्के और 2 चौके जड़े. संजू सैमसन के अलावा इस मैच में ईशान किशन, शुभमन गिल, हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ियों ने भी अर्धशतक जड़ा. मुकेश कुमार ने 3 और शार्दुल ठाकुर ने 4 विकेट झटके. वेस्टइंडीज के खिलाफ संजू सैमसन को पहले वनडे में मौका नहीं मिला था. जिसके बाद फैंस टीम मैनेजमेंट पर अपनी भड़ास निकाल रहे थे. दूसरे वनडे में संजू को मौका दिया गया लेकिन वह जल्दी आउट हो गए. इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर ट्रोल भी किया गया. संजू सैमसन ने दूसरे वनडे में 19 गेंदों में 9 रन बनाए थे।

# जीत के बाद हार्दिक पांड्या ने खोला अपनी बैटिंग का राज, विराट कोहली को दिया श्रेय



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने मंगलवार को वेस्टइंडीज को तीसरे और आखिरी वनडे मैच में 200 रनों से रौंद कर 2-1 से वनडे सीरीज अपने नाम कर दी. टीम इंडिया की इस जीत में कार्यवाहक कप्तान हार्दिक पांड्या, ईशान किशन, शुभमन गिल, संजू सैमसन, मुकेश कुमार और शार्दुल ठाकुर का अहम योगदान रहा. भारत की इस जीत के बाद हार्दिक पांड्या ने टीम की परफॉर्मेंस पर अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मैच खेलने में उन्हें खूब मजा आता है. युवाओं ने दिखाया परफॉर्मेंस का कम्पलीट पैकेज, वेस्टइंडीज को 200 रनों से रौंदा ईशान किशन ने लगातार तीसरा अर्धशतक जड़ रचा इतिहास, एमएस धोनी के रिकॉर्ड की बराबरी की वेस्टइंडीज का टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला, कोहली-रोहित फिर प्लेइंग से बाहर मैच जीतने के बाद हार्दिक ने कहा, 'मैं हमेशा ऐसे ही मैचों की उम्मीद करता हूं. यह इंटरनेशनल मैच से बढ़कर है. हम जानते हैं कि अगर हम यहां हार जाते तो हमारा यहां दाव पर क्या था. तो हम जिस ढंग से इस मैच में खेले और जिस अंदाज में लड़के आगे आए वहां उन्होंने अपने कैरेक्टर (चरित्र) को दर्शाया है.' इस मैच में पांड्या ने सिर्फ 4 ओवर ही बॉलिंग की उन्हें यहां कोई विकेट तो नहीं मिला लेकिन उन्होंने यहां बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन किया. इस स्टार ऑलराउंडर ने 52 बॉल में 4 चौके और 5 छक्कों की बदौलत नाबाद 70 रन नबाए. जब उनसे उनकी बैटिंग पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि इसका श्रेय विराट कोहली को जाता है. पांड्या ने बताया, 'दो दिन पहले मैंने विराट से बहुत अच्छी बात की थी और जिस प्रकार का इनपुट उन्होंने मुझे दिया वह काम आया. वह मुझे करीब 7 या 8 साल से इंटरनेशनल क्रिकेट खेलता देख रहे हैं, जब मैं यहां पहले दिन से हूं तभी से. उनके पास कुछ प्वॉइंट्स थे, जिससे मुझे सही में मदद मिली. वह बस मुझसे चाहते थे कि मैं क्रीज पर थोड़ा समय बिताऊं और फिफ्टी ओवर फॉर्मेट में खेलने का आदी हो जाऊं क्योंकि हमने कई सारे टी20 मैच खेले हैं.' इस युवा खिलाड़ी ने कहा, 'जब आप एक बार आप हिट मारते हैं तो तुरंत लय में आ जाते हैं।


## माइकल वॉन की बड़ी भविष्यवाणी

# बेन स्टोक्स बनेंगे इंग्लैंड के सबसे महान कप्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने टेस्ट टीम की कप्तानी करने के लिए बेन स्टोक्स की जमकर तारीफ की है. एशेज सीरीज में 0-2 से पिछड़ने के बावजूद इंग्लैंड ने वापसी करते हुए सीरीज 2-2 से ड्रॉ करा दी. इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने टेस्ट टीम की कप्तानी करने के लिए बेन स्टोक्स की जमकर तारीफ की है. उनका मानना है कि इस ऑलराउंडर में टीम के क्रिकेट इतिहास के महानतम कप्तानों में से एक बनने की क्षमता है. स्टोक्स की कप्तानी में इंग्लैंड ने सोमवार को समाप्त हुई एशेज सीरीज 2023 में दमदार वापसी की. इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने की एशेज की तारीफ, बोले- यह सीरीज एक हैवीवेट बॉक्सिंग मैच की तरह सिर्फ एशेज के लिए टेस्ट क्रिकेट में लौटे थे स्र्थ्रद्दद्दठ्ठ-द्यद्ब, फिर लिए संन्यास, बेन स्टोक्स को भी दी चेतावनी स्टुअर्ट ब्रॉड ने इंग्लैंड को जीत दिलाकर टेस्ट क्रिकेट को कहा अलविदा, एशेज सीरीज 2-2 से ड्रॉ सीरीज में 0-2 से पिछड़ने के बावजूद स्टोक्स की कप्तानी वाली इंग्लैंड की टीम ने शानदार वापसी करते हुए सीरीज 2-2 से ड्रॉ करा दी. अगर मैनचेस्टर टेस्ट, जहां उनका दबदबा था, बारिश के कारण ड्रॉ पर समाप्त नहीं हुआ होता तो इंग्लैंड आसानी से 3-2 से सीरीज जीत सकता था. द टेलीग्राफ के लिए अपने कॉलम में वॉन ने लिखा, वह केवल 14 महीनों से टीम की कमान संभाल रहा है, लेकिन पहले से ही वह इंग्लैंड के महानतम कप्तानों में से एक है. मुझे लगता है कि समय आने पर उन्हें इंग्लैंड का अब तक का सबसे महान टेस्ट कप्तान माना जाएगा. उन्होंने कहा, कप्तान के रूप में स्टोक्स ने अब 18 में से 13 टेस्ट जीते हैं, जो अविश्वसनीय है. लेकिन आप एक गहरे प्रभाव के बारे में भी सोच रहे हैं. मुझे लगता है कि आने वाले समय में स्टोक्स को ऐसे कप्तान के रूप में याद किया जाएगा, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट खेलने के तरीके को बदलने में मदद की- और यह निश्चित रूप से एक आदर्श विरासत है. उन्होंने आगे कहा कि स्टोक्स को भविष्य में एक ऐसे कप्तान के रूप में याद किया जाएगा जिन्होंने टीम में अपने खिलाड़ियों के साथ टेस्ट क्रिकेट खेलने के तरीके को बदलने की कोशिश की. पूर्व कप्तान ने कहा, यह एशेज 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुई है, लेकिन दोनों कप्तानों में स्टोक्स की तुलना में पैट कमिंस के लिए सवाल ज्यादा होंगे. यह बिल्कुल स्पष्ट है कि स्टोक्स क्या हासिल करना चाह रहे हैं।

## रंग संसार

# हम साथ साथ हैं के सेट पर चुप चुप सी रहती थीं सोनाली बेंद्रे







**मुंबई,ईएमएस।** सूरज बड़जात्या की फैमिली ड्रामा फिल्म 'हम साथ साथ हैं', साल 1999 में रिलीज हुई थी. इस मल्टीस्टारर फिल्म में सलमान खान सैफ अली खान, करिश्मा कपूर, तब्बू, सोनाली बेंद्रे और मोहनीश बहल मुख्य किरदार में थे. इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान सलमान खान पर काला हिरण का शिकार करने का आरोप लगा और उन्हें जेल भी जाना पड़ा. हालांकि इस फिल्म से एक और अनुसनी कहानी जुड़ी हुई है, जिसका खुलासा 24 साल बाद अब करिश्मा कपूर ने किया है. हाल ही में डांस रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर 3' में पहुंची करिश्मा और सोनाली बेंद्रे एक फिल्म 'हम साथ साथ हैं' से जुड़ी कई यादों को फैंस के साथ शेयर किया. ऐसी एक कहानी सोनाली बेंद्रे की 'किताब' से जुड़ी हुई है. हमेशा चुप-चुप रहा करती थीं सोनाली बेंद्रे सोनाली के बारे में बात करते हुए करिश्मा ने कहा, 'हम सभी हम साथ साथ हैं के दिनों को याद करते हैं, इसके साथ बहुत सारी अच्छी यादें जुड़ी हुई हैं. वो इसलिए क्योंकि सोनाली बहुत शांत रहती थीं और मैं सेट पर सबसे ज्यादा बातूनी थी. सोनाली चुप-चाप अपनी किताब लेकर बैठी रहती थीं, जबकि तब्बू और मैं हमेशा सोचते थे कि वो क्या पढ़ रही हैं? वो हमसे बात क्यों नहीं कर रही हैं? उस किताब में क्या है? जब तब्बू और मैं फिल्म और शूट होने वाले गाने पर बात किया करते थे, तो सोनाली

### करिश्मा कपूर ने खोले सोनाली बेंद्रे के राज

'इंडियाज बेस्ट डांसर 3' में बोलते हुए करिश्मा कपूर ने बताया कि शूटिंग के समय सेट पर हमेशा सोनाली चुप-चुप रहा करती थीं और एक किताब पढ़ती रहती थीं. करिश्मा ने आगे कहा कि वो और तब्बू हमेशा ये जानने के लिए उतावली रहती हैं कि आखिर सोनाली बेंद्रे क्यों ज्यादा बात नहीं करती और क्या पढ़ती रहती हैं. आपको बता दें कि 'हम साथ साथ हैं' फिल्म को सूरज बड़जात्या ने ही लिखा और डायरेक्ट किया था. ये एक जॉइन्ट फैमिली और चार भाइयों की कहानी है, जो कई मुश्किलों का सामना करने के बाद भी एक-दूसरे का साथ नहीं छोड़ते. दर्शकों द्वारा भी इस फिल्म को खूब पसंद किया गया.

## करिश्मा-तब्बू भी थीं इस बात से परेशान

कोने में अपनी किताबों में खोई रहती थीं. हम जाते थे और उन्हें हमारे साथ लंच करने के लिए भी बुलाते थे, लेकिन वो कहतीं मैं शाकाहारी हूं इसलिए मैं सिर्फ सलाद लेती हूं और मैं कहती थी, ठीक है लेकिन आ जाओ सलाद लेकर'.

### सोनाली ने भी शेयर की यादें

करिश्मा की बातें सुन सोनाली ने कहा, ÷हम साथ साथ हैं' एक बहुत शानदार जर्नी रही है. हम सभी सेट पर एक बड़ी फैमिली की तरह रहा करते थे. उसमें से सबसे अच्छी याद हमारा साथ बैठकर खाना खाना है. करिश्मा हमेशा से शौतान थी. मुझे याद है आई लव यू गाने की शूटिंग के दौरान करिश्मा सेट से दूर रहती थी और हम उसे याद किया करते थे. हम हेमशा साथ रहते थे. फिल्म करने के दौरान हमें बहुत मजा आता था'. बता दें कि करिश्मा और कोरियोग्राफर मार्जी पेस्टनजी इंडियाज बेस्ट डांसर 3 में गेस्ट जज के तौर पर नजर आने वाले हैं. ये शो सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर कास्ट होता है।

# DDLJ के पोस्टर वाले सीन में काजोल को उठाकर फ्रीज हो गए थे शाहरुख खान




**मुंबई, ईएमएस।** हिंदी सिनेमा में कई ऐसी फिल्में हैं जो कल्ट क्लासिक हैं और इस लिस्ट में रोमांस के किंग कहे जाने वाले शाहरुख खान की फिल्म दिल वाले दुल्हनिया ले जायेंगे (छ्वछ्वछ्व) का नाम ना आए ऐसा भला कैसे हो सकता है. ऐसे में इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'द ट्रायल' को लेकर चर्चा में बनी हुई काजोल ने हाल ही में एक इवेंट के दौरान अपने और शाहरुख खान के उस पल को याद किया है जब दोनों 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' की शूटिंग कर रहे थे और उस दौरान जब काजोल को किंग खान ने अपने कंधे पर बिठाया तो उनका कंधा ही फ्रीज हो गया था. आइए जानते हैं क्या है पूरा किस्सा.

### काजोल ने खोले फिल्म के राज

मराठा मंदिर में अब तक सबसे लंबी चलने वाली फिल्मों की लिस्ट में भी शामिल डीडीएलजे का लेटेस्ट किस्सा खुद फिल्म की लीड एक्ट्रेस ने रिवील किया है. दरअसल एक इवेंट के दौरान एक्ट्रेस को फिल्म की कुछ फोटोज को देखकर जो भी मन में आए बताना था. इन्हीं फोटोज में से एक था डीडीएलजे का पोस्टर. हाल ही में काजोल ने इस फिल्म के बारे में बात की है जिसमें शाहरुख ने काजोल को कंधे पर उठा रखा था.

### जब फीज हुआ शाहरुख खान का कंधा

काजोल ने एक इंटरव्यू के दौरान 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' के पोस्टर उस पोस्टर के बारे में बताया जिसमें शाहरुख खान उन्हें कंधे पर लेकर खड़े हैं. काजोल ने बताया 'एक तो बेचारा शाहरुख मुझे कंधे पर उठा के खड़ा है मुझे, उसके लिए मुझे बुरा लग रहा था. लेकिन शाहरुख ने मुझ से कहा कि चिंता मत करो मैं मजबूत हूं.' इसके आगे एक्ट्रेस ने कहा कि 'पोस्टर के लिए इस सीन को शूट करने के लिए शाहरुख खान ने मुझे कंधे पर उठा लिया और मुझे एकदम भारी महसूस नहीं कराया लेकिन इसके शूट के बाद शाहरुख खान का कंधा फ्रीज हो गया होगा था. एक्ट्रेस ने कहा कि जब उन्होंने यह शूट किया था तब वह फोटोग्राफर गौतम राजाध्यक्ष के स्टूडियो में थीं. काजोल ने कहा, 'शाहरुख ने प्यार से मुझे अपने कंधे पर बैठाया और मुझे बिल्कुल भी भारी महसूस नहीं कराया'. काजोल ने मजाक में कहा कि पोस्टर में और उस समय, यह सब अच्छा और मजेदार लग रहा था, हालांकि बाद में शाहरुख का कंधा फ्रीज हो गया होगा।




# तन्हा मर्दों के दिलों से खेलने फिर लौटी पूजा



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना की अपकमिंग फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. फैंस के इंतजार को और न बढ़ाते हुए मंगलवार की रात मेकर्स ने 'ड्रीम गर्ल 2' का ट्रेलर जारी कर दिया, जिसे देखकर लोगों की हंसी छूट गई. ट्रेलर में पहली 'ड्रीम गर्ल' की तरह ही अन्नू कपूर और आयुष्मान खुराना एक बार फिर बाप-बेटे की जोड़ी में नजर आएंगे, लेकिन इस बार फिल्म में आपको नुसरत भरूचा की जगह अनन्या पांडे नजर लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आएंगी. फिल्म में परेश रावल भी मुख्य किरदार में हैं, जो अपनी कॉमेडी से दर्शकों को खूब हंसाने वाले हैं. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और यूट्यूब पर अपलोड किए जाने के बाद से ट्रेलर इंटरनेट पर ट्रेंड हो रहा है.

ट्रेलर में देखा जा सकता है कि आयुष्मान अपने 'पूजा' अवतार को नेक्स्ट लेवल पर ले जाते हैं. इस बार वो न सिर्फ 'पूजा' को आवाज दे रहे हैं बल्कि उन्हीं की तरह तैयार भी हुए हैं. एक बार फिर, वो पूजा बनकर कई मर्दों के साथ उनकी भावनाओं से खिलवाड़ करने और बेवकूफ बनाने वाले हैं. हालांकि इस काम के लिए आयुष्मान बहुत मजबूर हैं, क्योंकि उन्हें अपनी गर्लफ्रेंड अनन्या पांडे से शादी करनी हैं. मनोज जोशी फिल्म में अनन्या पांडे के पिता का किरदार निभा रहे हैं. जो आयुष्मान के सामने शर्त रखते हैं कि अगर उन्हें उनकी बेटी से शादी करनी है तो एक अच्छी नौकरी और अकाउंट में 25 लाख रुपये हो जाने के बाद ही शादी की बात करें.

ट्रेलर में राजपाल यादव, अन्नू कपूर, असरानी, मनोज जोशी और परेश रावल समेत कई दिग्गज कॉमेडी एक्टर नजर आते हैं. अन्नू कपूर तो आयुष्मान की छाती पर वैक्सिंग करते हुए भी नजर आ रहे हैं. ट्रेलर में अनन्या आयुष्मान के मेल अवतार के साथ रोमांस करती भी नजर आ रही हैं. 'ड्रीम गर्ल 2' 2019 की फिल्म 'ड्रीम गर्ल' की सीक्वल है, जिसमें आयुष्मान एक कॉल सेंटर में 'पूजा' नाम की लड़की की आवाज निकालकर सिंगल लड़कों और आदमियों का दिल बहलाते थे. पहली 'ड्रीम गर्ल' में नुसरत भरूचा, अन्नू कपूर, मनजोत सिंह, विजय राज और अभिषेक बनर्जी नजर आए थे. इस फिल्म ने 200 करोड़ रुपये का वर्ल्ड वाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया और एक ब्लॉकबस्टर साबित हुई. मेकर्स को 'ड्रीम गर्ल 2' से भी ऐसी ही सक्सेस की उम्मीद है।




## » न्यूज गैलरी

### व्ही.के.शुक्ला होंगे नए नगर निगम आयुक्त

*सत्येन्द्र धाकरे का सिंगरौली तबादला*



**कटनी, यशभारत।** नगरीय प्रशासन मंत्रालय द्वारा सोमवार की शाम को जारी हुए तबादलों के आदेश में संशोधन करते हुए कटनी नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र धाकरे को नगर निगम आयुक्त सिंगरौली पदस्थ किया है। इनके स्थान पर गुना के मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद कुमार शुक्ला को कटनी नगर पालिक निगम का आयुक्त बनाया गया है। गौरतलब है कि इसके पूर्व जारी की गई तबादला सूची में नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे का तबादला भोपाल किया गया था लेकिन कुछ ही देर में संसोधित तबादला सूची जारी करते हुए उन्हे सिंगरौली नगर निगम का नया आयुक्त बना दिया गया।

### युवक के साथ मारपीट

**कटनी, यशभारत।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी मवई में एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित विनोद कोल की शिकायत पर महतो पटेल के खिलाफ गाली देकर अपमानित कर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

### फर्जी हस्ताक्षर कर गबन के आरोपी को 5 वर्ष का सश्रम कारावास

**कटनी, यशभारत।** फर्जी हस्ताक्षर का शासकीय राशि का गबन करने वाले आरोपी को न्यायालय चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने अलग-अलग धाराओं में 5 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। मीडिया सेल प्रभारी सुरेंद्र गर्ग ने बताया कि बहोरीबंद प्रकरण में जबलपुर जिले के सिहोरा निवासी आरोपी खेमचंद पटेल द्वारा बैंक चैकों में फर्जी हस्ताक्षर करके मूल्यवान प्रतिभूति की कूटरचना कर विभाग के साथ छल करते राशि आहरित करने आरोप में धारा 409, 468, 420, 471 में दोषी पाते हुए न्यायालय चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश इरशाद अहमद ने आरोपी खेमचंद पटेल को सजा सुनाई है। धारा 409 में 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 50 हजार रुपए अर्थदंड, धारा 468 में 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 25 हजार रुपए अर्थदंड, धारा 420 में 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10 हजार रुपए अर्थदंड, धारा 471 में 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है।

# चौंकाने वाला नाम आ सकता कांग्रेस से

**कटनी,यशभारत। पिछले चार चुनाव से जीत के लिए तरस रही कांग्रेस को इस बार भी मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र के लिए जिताऊ चेहरे की तलाश है। सूत्र बताते हैं कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने अपने स्तर पर जो सर्वे कराया है उस रिपोर्ट के आधार पर प्रत्याशी चयन किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में मुड़वारा के लिए कोई अप्रत्याशित नाम सामने आ जाये तो आश्चर्य नही। पार्टी यहां नई रणनीति पर काम कर रही, जिसमें फिलहाल वेट एन्ड वॉच भी शामिल है। पार्टी में विडम्बना ये हैं कि जिन्हें संगठन की कमान सौंपी गई हैए वे भी टिकट की कतार में आ खड़े हुए हैं। उनका फोकस यदि चुनाव के लिए खुदकी फील्ड तैयार करना होगा तो फिर वे बाकी दावेदारों के साथ न्याय कैसे कर पाएंगे।**

सूत्र बताते हैं कि इस बार कांग्रेस ने उन सीटों के लिए प्रथक से रणनीति तैयार कर रखी हैं, जिनमें पार्टी को पिछले तीन या चार चुनाव से कामयाबी नही मिली। इसके लिए कमलनाथ अपने स्तर पर तो फीडबैक ले ही रहे हैं, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भी ऐसे विधानसभा क्षेत्रों के दौरे कर वहां के नेताओं के साथ चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं से भी संवाद कर रहे हैं। ऐसी सीटों में कटनी की मुड़वारा और विजयराघवगढ़ सीट शामिल है। दिग्गी राजा का यह पैटर्न 2018 के विधानसभा चुनाव में काफी कारगर साबित हुआ था। मुड़वारा की बात की जाए तो यहां कांग्रेस सभी पहलुओं पर गौर कर रही है। पिछले चुनाव में पार्टी को मतदाताओं का काफी साथ मिला था जिसके आधार पर वह 62 हजार से अधिक मत हासिल करने में सफल हो गई थीए किन्तु महापौर चुनाव में कांग्रेस को मिलने वाले मतों में एकाएक आई गिरावट को देखते हुए पार्टी के बड़े रणनीतिकार चौकन्ने हैं। शहरी क्षेत्र में भाजपा के मजबूत जनाधार से निर्मित हुए दुर्ग को पार्टी कैसे भेद पाएगीए इस पर भोपाल तक मंथन चल रहा है। मुड़वारा सीट को लेकर यह स्थिति तो साफ है कि जब परम्परागत प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस और भाजपा के अधिकृत चेहरे जब मैदान में आ जाते हैं तब यहां के मतदाता फैसला करते हैं कि अब किसको आए पांच साल के लिए चुन लेना है। कांग्रेस इस सीट पर प्रत्याशी की घोषणा अंतिम समय तक होल्ड कर सकती है। सम्भव है कि भाजपा का चेहरा सामने आने के बाद कांग्रेस टिकट का ऐलान करे। इस बार पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार को लेकर व्याप्त सत्ता विरोधी माहौल को इस सीट पर भुनाने में कांग्रेस कितनी सफल होती है इस पर भी काफी कुछ निर्भर करेगा।



**मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र से टिकट की कतार में आधा दर्जन से ज्यादा नाम**

टिकट के लिए अभी जो नाम चल रहे हैं उनमें पूर्व महापौर विजेंद्र मिश्र, मिथलेश जैन, प्रियदर्शन गौर, राकेश जैन कक्का, बीएम तिवारी, हरिशंकर शुक्ला, अमित शुक्ला, अंशु मिश्रा शामिल हैं। इन नामों के साथ दोनों पार्टी प्रमुखों विक्रम खम्परिया और करण सिंह चौहान की रुचि भी चुनाव लड़ने को लेकर है। पार्टी इन नामों के अतिरिक्त भी कुछ नामों पर विचार कर रही है। एक बड़ा नाम राजनैतिक क्षेत्र में सक्रिय नेता का है तो दूसरा उद्योग जगत में पकड़ रखने वाले कांग्रेसी विचारधारा के व्यक्ति का। एक खबर यह भी है कि दूसरे विधानसभा क्षेत्र के व्यक्ति को भी यहां से प्रत्याशी बनाया जा सकता है। संभावना को देखते हुए हर दावेदार अपनी फील्डिंग जमा रहा है। पिछले चुनाव के प्रत्याशी मिथलेश जैन और पूर्व मेयर राजा भैया तो बहुत तेजी से सक्रिय हो चुके हैं। हर छोटे बड़े आयोजन में ये नेता आजकल नजर आ रहे हैं। चर्चा तो यह भी है कि दोनों ही नेताओं को ऊपर के किसी बड़े नेता ने सक्रिय रहने के लिए कहा है जबकि कांग्रेस गलियारे में भोपाल तक पकड़ रखने वाले एक सूत्र का कहना है कि कमलनाथ के दिमाग मे पूर्व विधायक सुनील मिश्रा का नाम भी है। हो सकता है जीत की संभावना के आधार में अचानक सुनील मिश्रा पर पार्टी दांव लगा दे। उधर जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय विक्रम खम्परिया और करण सिंह के करीबियों का कहना है कि जिस रास्ते संगठन की अध्यक्षी आई है, उसी रास्ते टिकट भी आ जाये तो कोई आश्चर्य नही।

### क्या कांग्रेस के नजदीक आ रहा सूरी परिवार

निर्दलीय चुनाव जीतकर मेयर बनी प्रीति सूरी कुछ महीनों बाद अपनी पुरानी पार्टी भाजपा में तो शामिल हो गई किन्तु उनके पुत्र गौरव भाजपा से इतर अलग ही राह बनाते दिख रहे हैं। कुछ लोगों का दावा है कि वे इन दिनों कांग्रेस के सम्पर्क में हैं और उनकी भोपाल में कांग्रेस के बड़े नेताओं से मुलाकात भी हो चुकी है। गौरव युवा प्रत्याशी के तौर पर कांग्रेस से टिकट चाह रहे हैं। यदि कांग्रेस सूरी परिवार पर भरोसा जताती है तो कटनी की राजनीति में एक बार फिर नए समीकरण का उदय होगा।

### महज चर्चाओं तक सीमित है सन्दीप की एंट्री

विधायक सन्दीप जायसवाल की कांग्रेस में वापसी अभी केवल चर्चाओं तक ही सीमित है। सार्वजनिक रूप से कभी विधायक ने स्वीकार नही किया कि वे कांग्रेस में जा रहे हैं लेकिन कांग्रेस के ही कतिपय नेताओं का दावा है कि उनकी कमलनाथ और दिग्विजय सिंह से मुलाकात हो चुकी है। वे अपने लिए सीधे तौर पर टिकट का वादा चाह रहे हैं। इसी कंडीशन में वे जाएंगे। अभी उन्हें भाजपा से ही टिकट का भरोसा है। यदि भाजपा से इस बार मामला गड़बड़ाया तो वे प्लान बी को अप्लाई करेंगे।

# कटनी स्टेशन में मिला सिंगरौली से भागा बालक

**आरपीएफ ने किया चाइल्ड लाइन के हवाले**




**कटनी, यशभारत।** सिंगरौली से भाग कर कटनी आए एक 10 वर्षीय बालक को कटनी स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 5 से बरामद कर रेलवे सुरक्षा बल( आरपीएफ ) ने चाइल्ड लाइन के सुपुर्द किया है और बालक के मिलने की जानकारी परिजनों को दी है। आरपीएफ के द्वारा यह कार्रवाई ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते अभियान के तहत की गई है। कटनी आरपीएफ पोस्ट प्रभारी अनिल कुमार दीक्षीत ने बताया कि 30 जुलाई को ऑन ड्यूटी गस्त के दौरान उपनिरीक्षक शिशिर कुमार को कटनी स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 5 पर एक लडका संदिग्ध अवस्था में मिला। पूछताछ करने पर उसने बताया वह अपने घर से भागकर ट्रेन से कटनी आया है। जिसके बाद उसे रेसुब पोस्ट पर लाया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम दीपक कुमार, उम्र 10 वर्ष, निवासी जिला सिंगरौली बताया। पूछताछ के बाद आरपीएफ के द्वारा दीपक को चाइल्ड लाईन आवाज संस्था के प्रतिनिध ज्ञानदास चौधरी को सुपुर्द किया गया और इसकी जानकारी सिंगरौली आरपीएफ पोस्ट के माध्यम से परिजनों को भी दी है। संभवतः बालक के परिजन आज कटनी आकर दीपक को अपने साथ ले जाएंगे।

# अब छुट्टी के लिए यहां-वहां नहीं भटकेंगे रेलकर्मी


**ऑनलाइन आवेदन से स्वीकृत होगा अवकाश, सुविधा देने रेलवे ने लांच किया एचआरएमएस सिस्टम**




**कटनी, यशभारत।** रेलवे में अब अधिकारी व कर्मचारियों को छुट्टी के आवेदन के लिए यहां वहां विभाग में परेशान नहीं होना पड़ेगा और अवकाश लेने के लिए अधिकारी कर्मचारी अपना आवेदन ऑनलाइन विभाग प्रमुख को कर सकेंगे। रेलवे ने अधिकारियों व कर्मचारियों की असुविधा को ध्यान में रखकर हयूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम (एचआरएमएस) लीव मोड्यूएल का शुभारङ्भ किया है। कल 1 अगस्त को रेलवे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंड चेयरमैन रेलवे बोर्ड अनिल कुमार लाहोटी द्वारा इस नए सिस्टम का शुभारंभ किया गया है। अब रेलकर्मी एचआरएमएस एप के जरिये छुट्टी हेतु आवेदन ऑनलाईन कर सकेंगे। साथ ही उनकी छुट्टी भी ऑनलाईन स्वीकृत होगी। रेल अधिकारियों ने बताया कि डिजिटली हयू मन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम (एचआरएमएस) प्रणाली के माध्यम से रेलकर्मियों की सम्पूर्ण जानकारी जैसे नाम, पदनाम, पीएफ नंबर, बिल यूनिट इत्यादि तथा इसके आलावा पारिवारिक विवरण भी ऑनलाईन एचआरएमएस मोबाइल एप्लीकेशन पर प्रदान की जा रही है। इसमें रेलकर्मी की सर्विस रिकॉर्ड फाइल भी डिजिटली होती है। जिसमें स्थानांतरण, प्रमोशन आदेश और यदि कोई अवार्ड मिला हो उसका विवरण दर्ज होता है। मुख्यतः एचआरएमएस के विभिन्न मोड्यूएल में ऑन लाइन रेलवे सुविधा पास का आवेदन कर ई-पास बनाना, पीएफलोन के लिए ऑनलॉइन आवेदन करना एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पीपीओ ऑनलाईन माध्यम से किया जा रहा है। इसी कड़ी में सुविधाओं को विस्तार करते हुए सम्पूर्ण भारतीय रेलवे पर हयूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम (एचआरएमएस) लीव मोड्यूएल लॉन्च कर अब छुट्टियों के आवेदन भी ऑनलाईन से भरे जाएंगे। एचआरएमएस लीव मोड्यूएल प्रणाली की उपयोगिता से रेलवे की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं विश्वनीयता बढ़ेगी। इसके अलावा कार्यप्रणाली में तेजी आएगी और हर समय रेलकर्मी ऑनलाईन अपना छुट्टी का आवेदन दे सकते है। इस प्रणाली में आगे और भी मोड्यूएल लॉन्च किये जायेंगे।

# 10 अगस्त तक नैनी स्टेशन तक ही चलेगी इटारसी–प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस

**प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर वॉशेबल एप्रॉन के मरम्मत कार्य पूर्ण न हो पाने की वजह से रेलवे ने बढ़ाई अवधि**



**कटनी, यशभारत।** प्रयागराज छिवकी से इटारसी के बीच कटनी होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 11273/11274 इटारसी-प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस को नैनी तक चलाए जाने की अवधि में विस्तार किया है। अब यह ट्रेन आगामी 10 अगस्त तक नैनी स्टेशन तक ही चलाई जाएगी। गौरतलब है कि उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर वॉशेबल एप्रॉन के मरम्मत कार्य के चलते रेलवे ने इस ट्रेन को प्रयागराज छिवकी स्टेशन तक चलाने का निर्णय पूव में लिया था। जिसकी अवधि समाप्त हो रही है लेकिन अभी प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर वॉशेबल एप्रॉन के मरम्मत कार्य पूरा नहीं हो पाया है। जिसकी वजह से रेलवे ने एक बार फिर इस अवधि को आगामी 10 अगस्त तक बढ़ा दिया है।

रेलवे के द्वारा लिए गए निर्णय के मुताबिक गाड़ी संख्या 11273 इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस आगामी 9 अगस्त तक इटारसी स्टेशन से निर्धारित समय 17:20 बजे गंतव्य के लिए प्रस्थान कर कटनी होते हुए नैनी स्टेशन पर 09:55 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11274 प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस 10 अगस्त तक नैनी स्टेशन से 21:00 बजे गन्तव्य के लिए प्रस्थान करेगी। अर्थात यह गाड़ी इस अवधि में प्रयागराज छिवकी नहीं जाएगी।

**आवश्यकता है**
ग्रेनाइट टाइल्स की दुकान में सेल्स कार्य हेतु युवक-युवतियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता दी जावेगी, वेतन 7000 प्लस इंसेंटिव।
संपर्क करें- शकुंतला ग्रेनाइट एंड टाइल्स जबलपुर रोड, कटनी मो. 9009767272

**JOB OPENING**
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

NOBLE HEART PUBLIC ENGISH MED. HIGHER SEC. SCHOOL
NURSERY, KG-I, KG-II TO 12TH CLASS
ADMISSION OPEN
10TH CLASS TOPPER 96%
कटनी जिले की मैरिट में तृतीय स्थान
VASHISHSHTH GURU
12TH CLASS TOPPER 92%
ANUSHKA DWIVEDI
NEAR KAILWARA PHATAK, NADI PAR, KATNI Mob. 7869484013, 7389678892

डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई
चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
देवपद
स्किन एवं हेयर क्लीनिक
मिलने का समय- सोमवार से शनिवार
सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

डॉ. निशा श्रीवास्तव
एमबीबीएस एमएस ईएंटी गोल्ड मेडलिस्ट
Fellowship in Skull Base Surgery; Ex surgeon AIIMS; Specialist in microscopic Ear, Head-Neck and Endoscopic sinus surgery (FESS) नाक कान एवं गला विशेषज्ञ
नाक, कान, मुंह एवं गले व थायरॉइड का ऑपरेशन व इलाज
इन लक्षण दिखने पर करें संपर्क:- कान से पानी बहना, नाक ब्लॉक, एलर्जी, आवाज में बदलाव, सिर में दर्द खर्राट, टांसिल कानों में सीटी बजना, चक्कर आना गले व चेहरे में किसी प्रकार की गठान, थायराइड की जांच व उपचार हकलाना तुतलाना मुंह में छाले, मुंह कम खुलना व अन्य गले का कैंसर नाक कान व गले से संबंधित बीमारी के स्पेशलिष्ट प्रख्यात डॉक्टर
पता:- आरोग्य डेंटल के सामने वाणी डायग्नोस्टिक के बाजू में ओम शांति हॉस्पिटल के पास आदर्श कॉलोनी कटनी (म.प्र.) Mob:9431777003, Email:-nisha.drent@gmail.com

शिकागो पब्लिक स्कूल
CHICAGO PUBLIC SCHOOL KATNI
इंग्लिश मीडियम नर्सरी से बारहवीं तक सभी विषय आर्ट्स, कॉमर्स व साइंस
आपके बच्चे एवं आपके स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला
शाला के सफलतम 25 वर्ष
भूलना भूल जाओगे
मेमोरी साइंस इंडिया की मेमोरी क्लासेज शाला के बच्चों को निःशुल्क
प्रवेश प्रारंभ
स्कूल की पढ़ाई कैसी हो, एक शिक्षक से बेहतर कोई नही जानता
पता:- मानसरोवर कॉलोनी माधवनगर कटनी मो. 9229119885

माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय से संबद्ध 9893499886
Discount @40%
ICMT COMPUTER INSTITUTE
DCA | TALLY | COMPUTER | SPOKEN ENGLISH
PGDCA | CPCT | HARDWARE COURSE | Competition Coaching
रामेश्वरम कैंपस विश्राम बाबा के पास दिव्यांचल मैरिज गार्डन के सामने जबलपुर रोड कटनी

अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल अध्ययन केन्द्र क्रं.570
मध्यप्रदेश शासन के अधिनियम क्रं. 34 वर्ष 2011 के द्वारा स्थापित एवं संचालित राज्य विश्वविद्यालय
रोजगार/स्वरोजगार एवं चिकित्सा उत्कृष्टता के क्षेत्र में एक सकारात्मक पहल का दूसरा वर्ष अभ्यार्थियों को प्रशिक्षित शिक्षकों के माध्यम से प्राथमिक चिकित्सा एवं अन्य कोर्स की ट्रेनिंग दी जाएगी।
मान्यता प्राप्त अध्ययन केन्द
बुनियादी चिकित्सा पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रारंभ
योग्यता / Eligibility — 12th पास/स्नातक/स्नातकोत्तर
समय अवधि / Duration — 1 Year
आयु / Age — बंधन नहीं
प्रशिक्षण हेतु शासकीय चिकित्सालय से अनुबंध ;छात्र अध्ययन के दौरान शासकीय चिकित्सालय से प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।
आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण Diploma/ PG Diploma in Basic Health Care
प्राथमिक चिकित्सा उपचार Diploma in First Aid Treatment
हॉस्पिटल मैनेजमेंट Diploma in Hospital Management
प्राकृतिक फार्मा डिप्लोमा Diploma in Natural Pharma
प्राकृतिक फार्मा डिप्लोमा Diploma in Natural Pharma
योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा Diploma in Hospital Management
उत्तीर्ण अभ्यार्थी अपना स्वयं का प्राथमिक चिकित्सा उपचार केन्द्र खोल सकते हैं।
नोट :- 1. समस्त प्रक्रिया आवेदन, प्रवेश शुल्क आदि एमपी ऑनलाईन के माध्यम से होगी।
2. शासन की कोरोना गाईड लाईन के अनुसार ऑनलाईन या संस्थागत क्लास रहेगी।
सिटी अपेक्स कम्प्यूटर राजीवगांधी वार्ड सत्यनारायण मंदिर के सामने, कटनी मो. योगेश पाण्डे 9424961722, कपिल द्विवेदी 9827076651

श्री SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ.दीपक सक्सेना
डॉ.शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

naturals
India's No.1 hair and beauty salon
OPEN NOW
@ CITY MALL
@ City Mall Katni, 2nd Floor,Barhi Road, Near Main Railway Station, Katni M.P. - 483 501
Mobile : 9343609476

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं प्लाट नं.1 योजना क्रं.6 नगर सुधार न्यास कॉलोनी, महाराणा प्रताप वार्ड, कटनी से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*, सम्पादक अम्बरीश तिवारी, सलाहकार संपादक श्याम कटारे।
फोन (07622) 230033, डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)